सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
शनिवार, 11 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 92
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## खास ख़बर

### सीरियल 'गुम है किसी के प्यार' में के सेट पर आग लगी

**मुंबई।** मुंबई की फिल्म सिटी में टीवी धारावाहिक गुम है किसी के प्यार में के सेट पर शुक्रवार शाम भीषण आग लग गई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे स्टूडियो के 2000 वर्ग फुट में फैले भूतल पर आग शुरू हुई। इस स्टूडियो में ही धारावाहिक की शूटिंग की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि घटना में अब तक किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। स्टूडियो से निकले काले धुएं के गुबार को दूर से ही देखा जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि कम से कम 12 दमकल गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को नए मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण गृह विभाग अपने पास ही रखा है। मुख्य सचिव जे. के. सिन्हा द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार साहा ने गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) विभाग अपने पास ही रखे हैं, जबकि रतनलाल नाथ को बिजली, कृषि और किसान कल्याण का प्रभार दिया गया है। इसके अनुसार प्राणजीत सिंघा रॉय को योजना और समन्वय और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ वित्त विभाग दिया गया है।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ ध्वनि-दृश्य सह उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ध्वनि-दृश्य (ऑडियो-विजुअल) सह उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें एक दूसरे के देशों में ध्वनि-दृश्य उत्पादन पर आने वाले व्यय के 30 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन देने का प्रावधान है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की भारत यात्रा के दौरान हुए इस करार पर भारत की ओर से सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्र ने और ऑस्ट्रेलिया की ओर से नई दिल्ली में उसके उच्चायुक्त बैरी ओफैरल ने दस्तखत किए। ऑस्ट्रेलिया 16वां देश है जिसके साथ भारत ने सह निर्माण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे विशेष तौर पर छोटे फिल्म निर्माताओं को लाभ होगा जो एक दूसरे के देश में फिल्म, वेब सीरिज, विज्ञापन की शूटिंग करना चाहते हैं या निर्माण उपरांत कार्य या विजुअल इफेक्ट की सेवा लेना चाहते हैं।
चंद्रा ने संवाददाताओं से कहा, अर्हता प्राप्त सभी परियोजनाएं, अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण कंपनी भारत में अर्हता युक्त खर्च का 30 प्रतिशत या अधिकतम दो करोड़ रुपए नकद प्रोत्साहन राशि का दावा कर सकती हैं।

## जरा हट के... बग्गा




# प्राकृतिक आपदाओं से हानि कम करने को प्रौद्योगिकी का उपयोग जरूरी : मोदी

**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक के बजाय सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर दिया ताकि नुकसान को कम किया जा सके। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते, लेकिन हम उनसे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रणाली बना सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें प्रतिक्रियात्मक होने के बजाय सक्रिय होना होगा। सक्रिय होने के लिए देश में (पहले) क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है? आजादी के पांच दशक बाद भी आपदाओं से निपटने के लिए देश में कोई कानून नहीं था। कच्छ में वर्ष 2001 में आए भूकंप के बाद गुजरात आपदा प्रबंधन कानून लाने वाला पहला राज्य था।इस कानून के आधार पर केंद्र ने वर्ष 2005 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कानून बनाया था।



**● आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ स्थानीय भागीदारी पर ध्यान दें...**
प्रधानमंत्री ने आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए नए दिशा-निर्देश तय करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें दो स्तर पर काम करना होगा। पहला, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को स्थानीय भागीदारी पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए और दूसरा, हमें आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करना होगा। आपदा नियोजन के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए। आपदा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी नवाचार पर ध्यान देने पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय अवसंरचना की प्रतिरोधक क्षमताओं का आकलन वक्त की मांग है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार विजेताओं क्रमश: ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) और मिजोरम का लुंगलेई फायर स्टेशन को सम्मानित भी किया।

**नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदा योजना के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए और स्थानीय बुनियादी ढांचे की प्रतिरोध शक्ति का वास्तविक समय पर आधारित मूल्यांकन समय की मांग है। यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए कि तुर्की और सीरिया में आए भीषण भूकंप के बाद पूरी दुनिया ने देश के आपदा राहत कार्यों की सराहना की है। आपदा प्रबंधन में स्थानीय भागीदारी बढ़ाने और आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए पहचान और सुधार (रिफॉर्म) बहुत जरूरी है।

# किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना हमारा लक्ष्य : सीजेआई



**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते न्यायिक प्रणाली ने न्याय प्रदान करने के लिए आधुनिक तरीके अपनाए तथा किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना व सक्रिय रूप से निर्णय लेना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए।
शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में शामिल देशों के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीशों की 18वें सम्मेलन के दौरान चंद्रचूड़ ने महामारी की शुरुआत होने पर भारतीय न्यायपालिका द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि महामारी के बाद से, भारत में जिला अदालतों ने वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 16 करोड़ 50 लाख, उच्च न्यायालयों ने सात करोड़ 58 लाख जबकि उच्चतम न्यायालय ने 3,79,954 मामलों की सुनवाई की।
सीजेआई ने कहा, इसका निष्कर्ष यह कहा कि महामारी के कारण न्यायिक प्रणाली को न्याय प्रदान करने के लिए आधुनिक तरीके अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन हमारा लक्ष्य किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना तथा किसी सक्रिय रूप से निर्णय लेना होना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट का मकसद एससीओ सदस्य देशों से सहयोग विकसित करना है**

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने महामारी के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों की सक्रिय रूप से निगरानी की। उच्चतम न्यायालय 10 से 12 मार्च तक के बीच आयोजित सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसका उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के उच्चतम न्यायालयों के बीच सहयोग विकसित करना है। एससीओ के सदस्यों में चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया एससीओ के पर्यवेक्षक जबकि आर्मेनिया, अजरबैजान, कंबोडिया और नेपाल संवाद भागीदार हैं।

## दलाई लामा ने धर्म के आधार पर हिंसा को खत्म करने का आह्वान किया

**▪ धर्मशाला**



आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने दुनिया में धर्म के आधार पर हिंसा को समाप्त करने का शुक्रवार को आह्वान किया। लामा ने 64वें तिब्बती विद्रोह दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा, मेरा देश, उनका देश, मेरा धर्म, उनका धर्म कहना और इस आधार पर लड़ना और मारना सरासर गलत है। हम पीढ़ियों से, एक दूसरे को मारने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल करते रहे हैं। अब, मुझे लगता है कि हमें कहना चाहिए कि बहुत हो चुका। उन्होंने कहा, जब मैं छोटा था और दूसरे बच्चों के साथ खेलता था, तो मुझे उनके धर्म और राष्ट्रीयता के बारे में कोई जानकारी नहीं होती थी।
सात-आठ अरब की आबादी वाली दुनिया में एकतौ का आह्वान करते हुए आध्यात्मिक नेता ने कहा, हम एक ही मानव हैं और हमें इस ग्रह पर भाइयों और बहनों के रूप में रहना चाहिए। धर्मशाला में स्थित निर्वासित तिब्बती संसद ने एक बयान में कहा, चीन की सरकार वर्षों से तिब्बत की संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि उन्होंने पर्यावरण को भी नष्ट कर दिया है। लेकिन तिब्बती लोगों ने कभी हार नहीं मानी है। वे शांतिपूर्वक विरोध करते हैं और अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं।

## भारत में एच3एन2 वायरस से कर्नाटक, हरियाणा में एक-एक व्यक्ति की मौत

**▪ नई दिल्ली**

भारत में मौसमी इंफ्लूएंजा के उप-स्वरूप एच3एन2 से पहली दो मौतें होने की पुष्टि हुई है, जिनमें से एक-एक मरीज कर्नाटक और हरियाणा से थे। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और माह के अंत से मामले घटने की उम्मीद है। मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दो जनवरी से पांच मार्च तक देश में एच3एन2 के 451 मामले सामने आए हैं।
स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, यह देखा जा सकता है कि इस साल की शुरूआत से, एच3एन2 जांच में इंफ्लूएंजा की पुष्टि वाले नमूनों में इसका सबसे प्रमुख उप-स्वरूप है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार,




वह मौसमी इंफ्लूएंजा के उप-स्वरूप एच3एन2 के मामलों और मृत्यु दर पर भी करीबी नजर रखे हुए है।
मंत्रालय ने कहा, छोटे बच्चों और पहले से रोगों से पीड़ित वृद्ध व्यक्तियों को मौसमी इंफ्लूएंजा से सबसे ज्यादा खतरा है। अब तक, कर्नाटक और हरियाणा में एच3एन2 से एक-एक मौत होने की पुष्टि हुई है। मौसमी इंफ्लूएंजा श्वसन तंत्र में होने वाल एक गंभीर संक्रमण है जो इंफ्लूएंजा वायरस से होता है। कुछ खास महीनों में विश्व भर में इसके मामले बढ़ जाते हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत में हर साल मौसमी इंफ्लूएंजा के मामले दो अवधि में बढ़ते हैं: पहली अवधि जनवरी से मार्च महीने तक की होती है और दूसरी अवधि मॉनसून बाद के महीनों की है। मौसमी इंफ्लूएंजा के मामले मार्च से घटने की उम्मीद है। इस सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए अधिकारी पूरी तरह तैयार हैं। बयान में कहा गया है कि मंत्रालय समन्वित रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के जरिए वास्तविक समय (रियल टाइम) के आधार पर मामलों पर नजर रखे हुए है। कर्नाटक में हीरे गौड़ा (82) नाम के व्यक्ति की एच3एन2 वायरस से एक मार्च को मौत हो गई।

## आरएसएस बैठक में सामाजिक समरसता के मुद्दे पर किया जाएगा विचार

**▪ समालखा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेतृत्व रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय वार्षिक बैठक में इस बात पर विचार करेगा कि सामाजिक समरसता का माहौल किस तरह से बनाया जाए, लोगों को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए कैसे प्रेरित किया जाए और उन्हें कैसे आत्मनिर्भर बनाया जाए। आरएसएस के नेता सुनील आंबेकर ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में इसके प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबोले सहित।,400 से अधिक पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और महासचिव (संगठन) बी एल संतोष



बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस से जुड़े 34 संगठनों के चुनिंदा पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे।प्रतिनिधि सभा आरएसएस की निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। आरएसएस की शाखाएं वास्तव में समाज में परिवर्तन लाने के केंद्र हैं और वे स्वयंसेवकों द्वारा किए गए समाज के अध्ययन के आधार पर अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इसके लिए काम करती हैं।

### एके राइफल और गोलियां लेकर भारतीय क्षेत्र में घुसे पाक ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली/ गुरदासपुर।** पाकिस्तान से एके राइफल और तीन दर्जन से ज्यादा गोलियां लेकर भारतीय क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के गुरदासपुर जिले के मेल्टा गांव के पास बृहस्पतिवार देर रात करीब एक बजे हेक्साकॉप्टर दिखा। प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने गोलीबारी कर उसे मार गिराया। उन्होंने बताया कि तड़के पूरे इलाके की घेराबंदी की गई जिसमें पुलिस ने भी मदद की।
प्रवक्ता के मुताबिक, नबी नगर गांव के पास एक खेत से एक ड्रोन, एक एके राइफल, दो मैगज़ीन और 40 गोलियां बरामद हुईं।

**ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का संबोधन**

## भारत को केंद्र में रखे बिना जलवायु चुनौतियों का समाधान नहीं हो सकता

**▪ नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत ग्लोबल साउथ में नेतृत्व प्रदान करने की बेहतर स्थिति में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को केंद्र में रखे बिना जलवायु चुनौतियों का समाधान नहीं हो सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि शिक्षा अर्थव्यवस्था को विकसित करने और अवसर पैदा करने के लिए है क्योंकि



यह उत्पादकता, नए विचारों और अधिक दक्षता की कुंजी है।
उन्होंने कहा, भारत ग्लोबल साउथ में नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक बेहतर स्थिति में है। भारत को केंद्र में रखे बिना जलवायु चुनौतियों का समाधान नहीं हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया अपने स्थान को देखते हुए एक नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति बन जाएगा। भारत भी बनेगा, और इसलिए सहयोग करने और एक साथ काम करने के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं।

### पीएम मोदी 12 मार्च को बेंगलुरु-मैसुरु एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च को कर्नाटक का दौरा करेंगे, जहां वह करीब 16,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।प्रधानमंत्री बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग-275 के बेंगलुरु-निडाघट्टा-मैसूरु खंड को छह लेन का बनाया जाना भी शामिल है।
एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 118 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को करीब 8,480 करोड़ रुपए की कुल लागत से विकसित किया गया है।इस बुनियादी ढांचा परियोजना से बेंगलुरु और मैसूरु के बीच की यात्रा-अवधि लगभग 3 घंटे से घटकर करीब 75 मिनट रह जाएगी।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त की जाए : निशिकांत दुबे

**▪ नई दिल्ली**

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर एक संसदीय समिति के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया और उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त करने की मांग की।बजट सत्र के पहले भाग में गांधी के भाषण के बाद दुबे ने सात फरवरी को उनके खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस दिया था। राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर टिप्पणी की थी।लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए दुबे ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गांधी की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने के बावजूद वे अब भी उनके और कांग्रेस के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध हैं। भाजपा सांसद सुनील सिंह इस समिति के अध्यक्ष हैं।
दुबे के हवाले से एक सूत्र ने कहा, न केवल एक बल्कि तीन प्रकार के विशेषाधिकार उन पर लागू होते हैं और वह आदतन अपराधी हैं और इसलिए उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जानी चाहिए। दुबे ने अपनी बात की पुष्टि के लिए दस्तावेज और रिपोर्ट भी पेश किए और इनके जरिए दावा किया कि गांधी द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और व्यवसाई गौतम अडाणी के विभिन्न सौदे, जिनका उन्होंने (राहुल गांधी)उल्लेख किया था, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किए गए थे।

## इंदौर में फ्लाइओवर के लिए 257 पेड़ों पर अंधाधुंध तरीके से चली कुल्हाड़ी

**▪ इंदौर**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 57 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर बनाए जाने के लिए एक व्यस्त सड़क के किनारे लगे।,300 से ज्यादा हरे-भरे पेड़ हटाकर इन्हें दूसरे स्थान पर लगाए जाने की योजना है, लेकिन शुरुआती दौर में इनमें से 257 वृक्षों पर इतने अंधाधुंध तरीके से कुल्हाड़ी चलाई गई है कि इनके स्थान पर केवल ठूंठ रह गए हैं।
इस खुलासे के बाद इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने ठेकेदार कंपनी को कड़ी हिदायत देते हुए कहा है कि 257 पेड़ों के स्थानांतरण के बदले उसे सरकारी खजाने से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
आईडीए के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने फ्लाईओवर निर्माणस्थल पर पेड़ों की कटाई का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "हमारे ध्यान में आया है कि एक निजी ठेकेदार कंपनी ने पेड़ों के स्थानांतरण में जल्दीबाजी करते हुए 257 वृक्षों को जरूरत से ज्यादा काट दिया है जिससे उनकी उंचाई बेहद कम रह गई है।
उन्होंने बताया कि इन 257 पेड़ों के स्थानांतरण के एवज में ठेकेदार कंपनी को सरकारी खजाने से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आरक्षण** | **महिला आरक्षण बिल को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में पारित करने की मांग**

# महिला आरक्षण की मांग को लेकर कविता का अनशन

**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में पारित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां भूख हड़ताल की। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू होकर छह अप्रैल को समाप्त होगा। उन्होंने दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेशी से एक दिन पहले जंतर-मंतर पर अनशन किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता ने सभी राजनीतिक दलों का आह्वान किया कि वे महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के



लिए सरकार पर दबाव बनाएं। उनका कहना था कि मोदी सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और ऐसे में वह इस विधेयक को आसानी से पारित करा सकती है। कविता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी आग्रह किया कि वह इस विषय में दिलचस्पी दिखाएं और महिलाओं के साथ खड़ी हों।
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम एचुरी की उपस्थिति में कविता ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छह घंटे की भूख हड़ताल की शुरुआत की। उन्होंने मोदी सरकार से मांग की कि वह महिला आरक्षण विधेयक को संसद के इसी सत्र में पेश करे।
उनके अनशन में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल के नरेश गुजराल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सुभासिनी अली, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अंजुम जावेद मिर्जा, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की शमी फिरदौस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के श्याम रजक, समाजवादी पार्टी (सपा) की पूजा शुक्ला, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सीमा मलिक और कई अन्य नेता शामिल हुए और अपना समर्थन जताया। तेलंगाना की शिक्षा मंत्री सविता इंद्र रेड्डी और महिला एवं बाल विकास मंत्री सत्यवती राठौड़ तथा बीआरएस के कई अन्य नेता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।
अनशन की समाप्ति के अवसर पर कविता ने कहा, सभी दल इस बारे में बातें करते हैं, लेकिन कोई भी विधेयक को पारित कराने के लिए कदम नहीं बढ़ा रहा है। सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और अगर वह चाहेगी तो इसे आसानी से पारित करा लिया जाएगा।

## 75 साल की दोस्ती को मिला नया आयाम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्री के 75 साल पूरे होने पर आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेतु अल्बनीज चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। भारत रवाना होने से पहले अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया-भारत के मध्य गहरी दोस्ती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ हमारे साझा हितों, लोगों के बीच संबंध और खेल में अनूठी प्रतिद्वंद्विता पर केंद्रित है।आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पहले भारत दौरे में गुजरात में खूब होली खेली। फिर वीरवार को भारत-आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे क्रिकेट टैस्ट मैच का लुत्फ उठाया। अल्बनीज अपने वरिष्ठ मंत्रियों और एक बड़े व्यापार प्रमुखों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आये हैं। हालांकि, अल्बनीज की यह पहली भारत यात्रा है लेकिन वे कई सम्मेलनों में पिछले साल तीन बार प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं। इस शिखर सम्मेलन के अलावा इस साल आस्ट्रेलिया में क्वाड शिखर सम्मेलन तथा सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भी दोनों नेता मिलेंगे। दरअसल, दोनों देशों के संबंधों को रवानी 2020 में रणनीतिक साझेदारी के बाद मिली। आज करीब सात लाख भारतीय मूल के लोग आस्ट्रेलिया के सेवा व अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। करीब नब्बे हजार से अधिक भारतीय छात्र आस्ट्रेलिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। वहीं कारोबारी रिश्तों में खासा उछाल आया है।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के आस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों के संबंधों को नये आयाम मिले हैं। इस बीच संबंध सुधारने के प्रयास तो होते रहे, लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आये। कालांतर दोनों लोकतांत्रिक देशों ने बेहतर तालमेल से रिश्तों की नयी इबारत लिख दी। सामारिक चुनौती तथा आर्थिक जरूरतों ने इन रिश्तों को रवानी दी। जिसमें भू-राजनीतिक समीकरणों की भी बड़ी भूमिका रही। दोनों देशों के करीब आने की वजह भारत की अमेरिका व जापान के साथ क्वाड में सक्रिय साझेदारी भी है।

*आस्ट्रेलिया-भारत के मध्य गहरी दोस्ती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ हमारे साझा हितों, लोगों के बीच संबंध और खेल में अनूठी प्रतिद्वंद्विता पर केंद्रित है। अल्बनीज अपने वरिष्ठ मंत्रियों और एक बड़े व्यापार प्रमुखों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आये हैं। हालांकि, अल्बनीज की यह पहली भारत यात्रा है लेकिन वे कई सम्मेलनों में पिछले साल तीन बार प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं।*

वैदिक विचार —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## समर्पण

*इन्द्रो यज्वने पृणते च शिक्ष्त्युपेद् ददाति न स्वं मुषायति।*
*भूयोभूयो रयिमिदस्य वर्धयन्नभिन्ने खिल्ये नि दधाति देवयुम्।।*

*ऋ 6.28.2, अ 4.21.2*

**जो** भगवान् का ही पूजन करता है, भगवान् से ही संगत रहना चाहता है और भगवान् को ही सर्वभावेन समर्पित है उसी भक्त का नाम यज्वा है। जो अपनी पूजा, संगति-अभिलाषा और आत्मसमर्पण् से भगवान् को तृप्त करता है उस भक्त की संज्ञा पृणत् है। देवयुम्=देव+युम्। जो देव की कामना करने वाला है, जो अपने हृदय में इन्द्र देव के देर्शन की अभिलाषा संजोए हुए है, जो अपने मान में ऐश्वर्यशाली, सुन्दर भगवान् के मिलन की कामना से तिलमिला रहा है वही भक्त देवयु है। यज्वा औ पृणन् का ही नाम देवयु है। देवयु का अर्थ है देव अथ वा दिव्य गुणों की कामना कने वाला । यज्ञ और तर्पण करने से देव की, परमात्मदेव की प्राप्ति होती है। यज्ञ और तर्पण करनेवाले में दिव्य गुणों का निवास होता है। देव की प्राप्ति से स्वयमेव समस्त दिव्य गुणों की उपलब्धि हो जाती है। इन्द्र देवयु के एंश्वर्य की अधिकाधिक वृद्धि करता है, उसे जीवन के सतत विकास में स्थापन कर देता है। जो देव की कामना करता है, देव उसके लौकिक और पारलौकिक, भौतिक और आत्कि ऐश्वर्य की सदा अधिकाधिक वृद्धि और उसके जीवन का विकास करता है।

## अवकाश

अवकाश का सामान्य अर्थ तो छुट्टी से होता है ,पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे तो विवेक के बिना अपने दैनिक कार्यों से मुक्त होकर एकांत में विश्राम करना अवकाश है। इस प्रकार के अवकाश से पशुत्व भाव बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है ।यह एक प्रकार का आराम ही है पर जब यही अवकाश एकांत में प्राप्त कर विवेक पूर्वक उपयोग किया जाए तो यही चिंतन, एकाग्रता और तपस्या के रूप में परिवर्तित हो जाता है । इस अवकाश का उपयोग प्रभु स्मरण, स्वाध्याय में किया जाए तो मानव जीवन उपलब्धि पूर्ण हो जाता है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**डॉ. विनोद दीक्षित**

पत्र मिला

## चीन की बढ़ती चिंताएं

पश्चिमी देशों में इन दिनों चीन को लेकर गहरा रहे भय के माहौल के बीच यह खबर आई कि अमेरिकी अधिकारियों में यह अंदेशा फैल गया है कि बंदरगाहों पर इस्तेमाल होने वाले चीन में बने क्रेनों में जासूसी के उपकरण लगे हो सकते हैं। उसी खबर में बताया गया कि अमेरिका के ज्यादातर बंदरगाहों पर जिन स्मार्ट क्रेन का इस्तेमाल होता है, उनमें से लगभग सभी चीन में निर्मित हैं। अमेरिका में चीनी गुब्बारों को लेकर पैदा हुई चिंता के उस माहौल का यह नया संस्करण है। उधर जर्मनी से खबर है कि वहां चीनी कंपनी हुआवे और जेडटीई के बनाए 5-जी नेटवर्क के कुछ हिस्सों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा सकता है। जर्मनी के मीडिया में ये खबरें बहुचर्चित हैं और उनमें बताया गया है कि अगर यह पाबंदी लगती है, तो यह एक बड़ा फैसला होगा। जर्मनी के लगाए जाने वाले संभावित प्रतिबंध में वो हिस्से शामिल होंगे, जो 5-जी नेटवर्क में पहले से ही इन-बिल्ट हैं। प्रतिबंध लगने के बाद ऑपरेटरों को ये हिस्से हटाकर उनकी जगह नए पुर्जे लगाने होंगे। जर्मनी ने 2021 में आईटी सुरक्षा कानून पास किया था। इसमें भावी नेटवर्कों के लिए दूरसंचार से जुड़े उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए सख्त नियम-कायदे तय किए गए थे।

**राजीव निगम,नई दिल्ली**

# बड़ी लकीर खींचने की हो राजनीति

**पिछले दिनों राहुल गांधी को इंग्लैंड के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने भारत की वर्तमान स्थिति के बारे में भाषण दिया था। फिर ब्रिटिश संसद में भी उन्हें बुलाया गया और वहां भी उन्होंने कुल मिलाकर वही सब दुहराया जो कैंब्रिज विश्वविद्यालय में कहा था। 'वही सब' अर्थात भारत में जनतंत्र के लिए उत्पन्न 'खतरों' की गाथा। देखा जाये तो इस गाथा में ऐसा कुछ नया नहीं था जो राहुल गांधी ने देश की संसद में, और देश की सड़कों पर नहीं कहा है।**

**विश्वनाथ सचदेव**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

महाभारत में एक प्रसंग आता है। पांडव वनवास भोग रहे थे और तभी गंधर्वों ने धृतराष्ट्र-पुत्र दुर्योधन को बंदी बना लिया। तब युधिष्ठिर में अपने छोटे भाई अर्जुन से कहा था कि वह दुर्योधन की सहायता के लिए जाये। अर्जुन को कुछ अटपटा लगा था आखिर कौरवों की मदद क्यों की जाये! तब युधिष्ठिर कहते हैं, 'आज भले ही हम आपस में झगड़ रहे हैं और पांच और सौ हैं, पर बाहर वालों के लिए हम एक सौ पांच हैं!'

आज इस प्रसंग की याद दिला कर यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश के बाहर भारत सरकार की आलोचना नहीं करनी चाहिए। असल में पिछले दिनों राहुल गांधी को इंग्लैंड के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने भारत की वर्तमान स्थिति के बारे में भाषण दिया था। फिर ब्रिटिश संसद में भी उन्हें बुलाया गया और वहां भी उन्होंने कुल मिलाकर वही सब दुहराया जो कैंब्रिज विश्वविद्यालय में कहा था। 'वही सब' अर्थात भारत में जनतंत्र के लिए उत्पन्न 'खतरों' की गाथा। देखा जाये तो इस गाथा में ऐसा कुछ नया नहीं था जो राहुल गांधी ने देश की संसद में, और देश की सड़कों पर नहीं कहा है। अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भी राहुल कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक इस बात को दुहराते रहे हैं कि देश की सरकार जनतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों को अंगूठा दिखा रही है, विपक्ष को अपनी बात कहने का मौका नहीं दिया जा रहा, देश की स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है आदि। यही सब उन्होंने ब्रिटेन-यात्रा के दौरान भी कहा है। फिर इस पर आपत्ति क्यों?

भारतीय जनता पार्टी की सरकार और पार्टी, दोनों को आपत्ति यह है कि विदेश में जाकर इस तरह की आलोचना देशहित में नहीं है! इसके जवाब में कांग्रेस पार्टी की ओर से दो बातें कही गयी हैं- एक तो यह कि सरकार देश नहीं होती, सरकार की आलोचना देश की बुराई करना नहीं होती और दूसरी यह कि यदि ऐसा करना अपराध है तो हमारे प्रधानमंत्री स्वयं अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों में जाकर पिछली सरकारों और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बारे में प्रतिकूल भी कहते रहे हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री पिछले आठ-दस साल में हर मंच पर यह कहते रहे हैं कि 75 साल में देश में कोई विकास नहीं हुआ, देश का असली विकास वर्ष 2014 से ही शुरू हुआ है।

यह सच है कि राहुल गांधी ने देश के बाहर जाकर देश की सरकार के काम की, काम के तरीकों की, आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि ऐसी ही बातें पिछली सरकारों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी भी कहते रहे हैं। यदि कुछ गलत कहा गया है, तो ऐसा दोनों ने किया है।



पर सच तो यह है कि यह अपराध नहीं है -खासकर इक्कीसवीं सदी में जबकि दुनिया इतनी छोटी हो गयी है कि देशों के बीच दीवारों का कोई मतलब नहीं रह गया है।

ये दीवारें इतनी पतली हैं कि कमरों के भीतर बैठकर कुछ कहने और कमरों के बाहर उसी बात को दुहराने में कोई अंतर नहीं है।बहरहाल, कैंब्रिज विश्वविद्यालय में, और ब्रिटेन की संसद में भी राहुल गांधी ने जो कुछ कहा है, उसे ग़लत न मानते हुए भी इतना तो कहा जा सकता है कि इस मौके पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से कुछ बेहतर कर सकते थे। उदाहरण के लिए यह मौका था जब वे देश की वर्तमान सरकार की रीति-नीति की खामियों को सामने लाने के साथ-साथ अपनी पार्टी कांग्रेस की ओर से एक वैकल्पिक व्यवस्था सामने रखते। बताते कि उनकी पार्टी यदि फिर से सत्ता में आती है तो देश की बेहतरी के लिए किन नीतियों के अनुसार काम करेंगे। राजनीतिक दलों का दायित्व बनता है कि वे विरोधी की रीति-नीति की आलोचना करें, उसकी कमियां उजागर करें। पर जनतांत्रिक मूल्यों का तकाज़ा है कि आलोचना के साथ-साथ विकल्प भी सुझाए जायें, मतदाता को बताया जाये कि उसे क्यों 'ठगा' जा रहा है और कैसे उसे नुकसान से बचाया जा सकता है।

राहुल गांधी ने ब्रिटेन में अपने भाषणों में यह सब नहीं कहा। पर जो कहा वह ग़लत नहीं था। भाजपा के कार्यकर्ता भले ही उन्हें राजनीतिक परिपक्वता में कम आंकते रहें और यह कोशिश करते रहें कि मतदाता की दृष्टि में उनकी छवि धूमिल हो, पर आज हकीकत यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के बाद लोकप्रियता के पायदान पर राहुल गांधी ही खड़े हैं। सत्तारूढ़ दल की की रीति-नीति चलाने वाले भी इस बात को समझ रहे हैं। इसलिए उनका हर संभव प्रयास रहता है कि वे राहुल गांधी को कमतर दिखायें। वैसे उनका अधिकार है ऐसा करने का, पर प्रतिस्पर्धी को कमतर दिखाने के इस खेल में जनतंत्र के बुनियादी उसूलों को नहीं नकारा जाना चाहिए। एक मज़बूत सरकार जनतंत्र की ज़रूरत है, पर उतना ही ज़रूरी विपक्ष का मज़बूत होना भी है। विडंबना है कि, आज देश में इस शक्ति-संतुलन का अभाव है। राजनीतिक समीकरण भी कुछ ऐसे हैं कि स्थितियां आसानी से बदलती नहीं दिख रहीं। पर जनतंत्र की सफलता का तकाज़ा है कि स्थितियां बदलें। यह काम अपने आप नहीं होगा, करना पड़ेगा इसे। सरकार की कमजोरियां बताने के साथ-साथ देश को यह समझाने की भी आवश्यकता है कि बेहतर व्यवस्था कैसे बनेगी। सिर्फ साल भर बचा है विपक्ष के पास अपने आप को सिद्ध करने के लिए, और इतना ही समय है सत्तारूढ़ पक्ष के पास यह बताने के लिए वह अपना दामन साफ करने के लिए क्या कर रहा है। मतलब यह कि दोनों पक्षों को अपनी सार्थकता सिद्ध करनी है। यह काम दूसरे की आलोचना करने मात्र से नहीं होगा। आवश्यकता दूसरे की लकीर रबर से मिटाने की नहीं है, अपनी लकीर लंबी खींचने की है। जनतांत्रिक व्यवस्था की सफलता की शर्त है यह। लंबी लकीर खींचने के लिए प्रतिस्पर्धी की कमजोरियों पर नहीं, अपनी ताकत पर नज़र रखनी होगी। इस दिशा में कांग्रेस समेत विपक्ष के सभी दलों को तत्काल पहल करनी होगी। भाजपा के लिए भी ज़रूरी है ऐसी कोशिश करना।महाभारत की सौ और पांच वाली बात ग़लत नहीं है। दूसरों के लिए हम निश्चित रूप से एक सौ पांच हैं। पर यह तभी संभव है जब दोनों पक्षों को यह अहसास हो कि मूलतः भारतीय हैं हम सब। सबसे पहले भारतीय, फिर कुछ और। जिस दिन हम यह समझ लेंगे तब हमें किसी राहुल गांधी के विदेश जाकर कुछ बोलने या कुछ न बोलने पर आपत्ति नहीं होगी। तब हम यह जानने की कोशिश करेंगे कि उसने जो कुछ कहा उसमें सच्चाई क्या है, और अपने आप को इस सच्चाई के अनुरूप ढालने के लिए हमें क्या करना चाहिए। जनतांत्रिक संस्थाओं का कमज़ोर पड़ना एक सच्चाई है और उन्हें मज़बूत बनाना एक शर्त। इस शर्त को पूरा करके ही जनतंत्र को सफल बनाया जा सकता है। यह बात सत्ता में बैठे व्यक्ति को पहले समझनी होगी।

## किसने क्या कहा...



कोविड से निपटने का भारत का तरीका विश्व के लिए उदाहरण : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़



राजद नेताओं के खिलाफ छापेमारी बिहार में सरकार बदलने की प्रतिक्रिया : मनोज झा



गहलोत सरकार करती है बहादुरों का अपमान, तुष्टिकरण की राजनीति :राज्यवर्धन राठौड़



राजनीतिक दलों को बैठ कर त्रिपुरा के मूल लोगों की समस्याओं पर चर्चा करनी चाहिए : प्रद्योत किशोर देबबर्मा (टिपरा मोथा प्रमुख)

## कार्टून...




# समाज के लिए कैंसर है भ्रष्टाचार

**लालजी जायसवाल**
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करने के बाद पीठ ने टिप्पणी की कि संविधान के प्रस्तावना में भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना ही बना हुआ है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो भी निस्संदेह यह एक बड़ी बाधा जरूर है। भ्रष्टाचार एक बीमारी है, जो जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह जीवन का हिस्सा ही बन गया है।

खैर, यह तो पूरे समुदाय के लिए चिंता की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। अगर हम गौर करें तो हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला %लालच% अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। इसलिए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है।भ्रष्टाचार का मूल कारण हमारे नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास होना है, जो आज हर क्षेत्र में फैल चुका है। भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने के लिए हमें अपना योगदान देना ही होगा। साथ में प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र का निर्माण कर देश व समाज की सेवा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट के मूल कारण सामान्यत~ समान ही हैं जिसमें अधिकतम भौतिक सुख की प्राप्ति, शक्ति का केंद्रीकरण, भ्रष्ट गतिविधियां, किसी भी स्थिति में नाम कमाने की लालसा, नेता-अधिकारी गठजोड़, सार्वजनिक नैतिक मूल्यों की अपेक्षा व्यक्तिगत मूल्यों का हावी होना इत्यादि प्रमुख वजहें हैं। इसके अलावा राजनीति का अपराधीकरण, धन-बल का प्रयोग बढ़ने से भी राजनीतिक नैतिकता में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, प्रशासकों की शिक्षा और चयन प्रक्रिया में खामियों की वजह से नैतिक मूल्यों से शून्य व्यक्तियों का प्रवेश हो जाता है और अंततः भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने लगता है।अकसर देखा जाता है कि जेल की सजा होने तथा भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरव गान किया जाता है। वास्तव में ये स्थिति भारतीय समाज के लिए चिंताजनक है।

ऐसा नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार ऐसा कोई निर्णय दिया है। लेकिन न्यायालय के लगातार प्रयासों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार कम नहीं हो सका है। बहरहाल संविधान पीठ के इस निर्णय से शायद कुछ कमी आ सके। निर्णय में न्यायालय ने इस मिथक को खारिज कर दिया कि अपराध का पूर्ण प्रमाण ही अपराधी को दोषी ठहराने में मदद कर सकता है। न्यायालय ने अब यह निर्धारित किया है कि भले ही अभियोजन पक्ष के गवाह अपनी बात से पलट जाएं, तो भी अभियोजन पक्ष एवं अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत सभी साक्ष्यों के आधार पर अपराधी का दोष सिद्ध माना जा सकेगा। लिहाजा देश की शीर्ष प्रशासनिक सेवाओं व अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिए यह प्रशंसनीय है। ध्यातव्य है कि अकसर ही हमारे कानूनों को और सख्त बनाने के पक्ष में आवाज उठाई जाती है, ताकि गलत काम करने वालों को सजा मिल सके।

## उपदेश

भृगु अन्न को ब्रह्म जानने का निश्चय करते हुए पिता के पास पहुंचे। पिता ने सोचा कि पुत्र को ब्रह्म के स्थूल की ही समझ मिली है। अभी और प्रयास की आवश्यकता है। भृगु ने पिता से पूछा कि यदि मेरे निष्कर्ष गलत हैं तो आप ही मूल तत्व का उपदेश देने का कष्ट करें। पिता ने कहा कि मूलतत्व को समझना चाहिए और तप करना चाहिए। यहां तप कठिन परिश्रम का पर्यायवाची है और कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं।

जिज्ञासु भृगु ने तप किया। निश्चय किया कि प्राण ही ब्रह्म है। समस्त प्राणी प्राण आश्रित हैं। प्राणी से ही उसी जैसा दूसरा प्राणी पैदा होता है। प्राण द्वारा अन्न ग्रहण न किया जाए तो कोई प्राणी जीवित नहीं रह सकता। मरने के बाद सभी प्राणी प्राण में ही लौट जाते हैं। पिता फिर भी संतुष्ट नहीं थे। पुत्र ने फिर प्रयास किया और मन को ब्रह्म बताया। पिता संतुष्ट नहीं थे। फिर पुत्र ने विज्ञान को ब्रह्म जाना। पिता फिर भी संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने फिर तप किया और आनन्द को ब्रह्म जाना। आनन्द परम है। शेष ब्रह्म के आंशिक लक्षण हैं। यहां आनन्द गहन आत्मीय अनुभूति है। शेष प्रारम्भिक तत्व अन्न, प्राण, मन, विज्ञान प्रत्यक्ष भौतिक यथार्थ हैं लेकिन इन सबमें प्राण की सत्ता बड़ी है। आनन्द के अभाव में जीवन की गतिविधि संभव है। मन की गड़बड़ी में भी जीवन यात्रा चलती है, लेकिन प्राण के साथ छोड़ते ही सबकुछ समाप्त हो जाता है। प्रत्यक्ष प्रकृति प्राण की शक्ति के कारण ही सतत् गतिशील है, परिवर्तनशील है, रूपों-रूपों में प्रकट होती है और जीवमान है। प्राण ध्यान, धारणा और उपासना के योग्य है।

**यहां तप कठिन परिश्रम का पर्यायवाची है और कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं। जिज्ञासु भृगु ने तप किया। निश्चय किया कि प्राण ही ब्रह्म है। समस्त प्राणी प्राण आश्रित हैं। प्राणी से ही उसी जैसा दूसरा प्राणी पैदा होता है।**

## पुलिया की मुहाने पर उठा दी दीवाल




**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** बाबागंज मार्ग पर जमोग बाजार के पहले चरदा किला के पास पीडब्ल्यूडी सड़क पर पुलिया बनी हुई है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों बस तथा वाहन यात्रियों को नवाबगंज, बरवलिया, एवं मल्ही पुर श्रावस्ती जनपद तक का आते जाते है। इस सड़क के पुलिया की एक मुहाने पर दीवाल उठा कर मुहाना बंद कर दिया गया है। जिससे जल निकासी की बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। ग्रामीण पंकज बद्री सिंह जगदीश प्रसाद वर्मा अवधेश कुमार ने बताया कि टीला के पास बने हुए इस पुलिया से कई गांव का पानी निकलकर आगे जाता था। जो बाधित हो गया है जिससे कभी भी कोई विकट समस्या खड़ी हो सकती है।

## पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी 5 कुंतल गांजा चार तस्कर को किया गिरफ्तार




**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोण्डा ।** जनपद गोंडा के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा त्योहार के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के जारी निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकान्त गौतम के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। गुरुवार को थाना कोतवाली नगर व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व विक्री करते हुए 04 अभियुक्त 01. सफीक अहमद 02. अब्दुल खालिक उर्फ बाबा 03. बृजेश कुमार यादव 04. मंदीप यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05 कुंटल 51 किलो 250 ग्राम अवैध गाँजा (अनुमानित कीमत 57 लाख रू0) व रू0 20500/- नगद बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## दुष्कर्म का केस झूठा पुलिस जांच में वादिनी को बनाया आरोपित

**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोंडा।** वजीरगंज थाने पर बीते 20 दिसम्बर को दर्ज कराया गया दुष्कर्म का एक केस जांच में झूंठा पाया गया है ।जांच अधिकारी ने अपनी जांच में आरोपी को निर्दोष सिद्ध करते हुए वादिनी व तहरीर लेखक को झूंठी साजिश रचने के जुर्म में आरोपित किया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जांच अधिकारी क्राइम ब्रांच के निरीक्षक अखिलेश यादव ने विवेचना/संकलित साक्ष्य/मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पंजीकृत केस को झूंठा पा कर पूर्व में आरोपित प्रेम नरायन सिंह के विरुद्ध दर्ज अपराध संख्या 575/22 अंतर्गत धारा 376,506 आईपीसी को खारिज कर वादिनी शहनाज बानो व तहरीर लेखक अनिमेष सिंह उर्फ विपुल सिंह के विरुद्ध धारा 195,182,211,120 बी आईपीसी लगा कर उनको जरिए सम्मन तलब करने का न्यायालय से अनुरोध ।

## मातम में बदलीं होली की खुशियां तालाब में किशोर व युवक की डूबने से मौत



**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोंडा। (खोड़ारे/खरगूपुर )** होली के अवसर पर दो परिवारों में उस समय चीख पुकार मच गई, जब उनके लाल के डूबने की खबर मिली। बीते बुधवार को रंग खेलने के बाद तालाब में नहाने गए खोड़ारे थाना के डिवलीडीह निवासी रोहित जायसवाल (17) व खरगूपुर के असिधा गोहन्ना निवासी शिवम श्रीवास्तव उर्फ विक्की (19) की डूबने से मौत हो गई ।खोड़ारे के डिवलीडीह गांव निवासी रोहित जायसवाल अपने कई दोस्तों के साथ होली खेल रहा था। वह होली खेलते-खेलते गांव के पास तालाब पर नहाने लगा। वह मछुआरों की नाव लेकर अपने दोस्तों के साथ तालाब में घूमने लगा। अचानक गहरे पानी में जाकर नाव पलट गई। जिससे नाव पर सवार सभी बच्चे डूबने लगे। उसके साथ मौजूद उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके ।शोर मचाने पर तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। आनन-फानन में सीएचसी बभनजोत पर ले गए। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत से होली की खुशियों में डूबे गांव में देखते ही देखते कोहराम मच गया। उसकी दादी मायावती के मुताबिक, गांव के विजय कुमार, अनुज, जितेंद्र के साथ तालाब पर नहाने गया था। पानी में नाव पलटने से यह बड़ा हादसा हो गया। चौकी प्रभारी गौरा दिनेश कुमार राय ने बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं है। खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असिधा के मजरा गोहन्ना निवासी गांव के शिवम श्रीवास्तव उर्फ विक्की (19) घर से होली खेलने के लिए निकला था। वह दोपहर तक होली खेलता रहा। इसके बाद वह गांव के निकट अपने चार अन्य साथियों के साथ तालाब में स्नान करने गया। जहां अधिक पानी होने के चलते शिवम डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बाकी चारों साथी बच गए और आकर लोगों को सूचना दी। ग्रामीणों के सहयोग से शिवम के शव को तालाब से निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।

# मिट्टी खनन को लेकर एक दूसरे पर धमकी देने का लगाया आरोप

## दोनों मिट्टी खनन करने वालो एक दूसरे पर जान से मारने का लगा रहे हैं आरोप

अमर ख्याल । राम सिंह



### दोनों खनन कारोबारियों द्वारा थाना खोराबार के पुलिस चौकी जगदीशपुर में प्रार्थना पत्र भी दिये जाने का है मामला

गोरखपुर। आप को बताते चलें पूरा मामला है गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र ग्राम सभा चनकापुर उर्फ सिसवा जगदीशपुर के निवासी मसरुर अहमद का कहना है कि मैं जमीन के मालिक को। मिट्टी निकाल ने के लिए पैसे देकर जो भी खनन के संबंध मे जरूरी कागजात है वह तैयार कर मिट्टी निकाल ने लगा था। तो वहीं पुर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह ने मिट्टी निकाल ने से मना कर दिया,तब मसरुर अहमद ने मना कर ने का वजह जानना चाहता तो गाली गलौज करने लगे तथा जमीन मालिक से कहा कि किसी कीमत पर मिट्टी मसरुर अहमद को नहीं देना, खेत मालिक पूर्व प्रधान के जमीन में किराए पर दुकान खोल कर व्यवसाय करते है,जिसके कारण वो उसपर दबाव बना कर मिट्टी न देने की बात कर रहे है, खेत मालिक ने कहा कि पूर्व प्रधान ने कहा कि अगर मेरी बात नहीं मानेगे तो इस मकान से निकाल दिये जाओगे,अगर हमारे मकान में रहना है तो मेरी बात मानना होगा, जब इस विषय को लेकर पूर्व प्रधान का पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि मसरूर अहमद ने कहा कि होली के पहले तुझे मरवा देंगे तो मैंने कहा यदि तुम मरवा दोगे तो मैं तुम्हारा घर गिरवा दूंगा, लेकिन इस विवाद का मुख्य कारण मिट्टी बताई,उंन्होने कहा मेरे जमीन में एक मछली बेचता है,तो उसकी मिट्टी थी हमने कहा कि वह मिट्टी मुझे दे देना,तो उसने किसी कारण बस मिट्टी उसे दे दिया तो मैंने कहा कि मैं तुझे दुकान से निकाल दूंगा, अंत मे उन्होंने बताया कि हमारी पुश्तैनी जमीन को लेकर के इनसे विवाद चलती है जो अब सही हो गया है, सूत्रों के आधार पर पता चला कि दुकानदार उनके जमीन में किराए पर दुकान लिया है,जिसके बदले में वो कुछ सिक्योरिटी भी दिया है,

## होली के दूसरे दिन परवानी गौढी स्थित भैंसिया वाले बाबा के समाधि पर लगा मेला

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। तहसील मोतीपुर अंतर्गत स्थित भैंसिया वाले बाबा के समाधि पर बरसों से मेला लगता है व भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। परवानी गौढी में स्थित भैंसिया वाले बाबा के नाम से मशहूर समाधि पर आज होली के दूसरे दिन भव्य रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें भैंसिया वाले बाबा मिहीपुरवा कस्बे में काफी वर्षों से रहते हुए विख्यात रहे। बहुत से लोगों को उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भैंसिया वाले बाबा मिहीपुरवा कस्बे में ही रहकर विभिन्न स्थानों पर अपना जीवन यापन करते रहे। जिससे काफी संख्या में उनके अनुयाई भी रहे। अंतिम समय में भी उन्होंने अपने प्राण इसी कस्बा मिहीपुरवा में ही त्यागा,, कस्बे के लोगों से उनका आपसी जुड़ाव वह प्रेम जगजाहिर है, मरणोपरांत लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ बाबा का अंतिम संस्कार परवानी गौढी में किया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ उसी मंदिर पर उनकी समाधि भी बनाई गई ।जहां पर बराबर भजन कीर्तन साधु संतों द्वारा किया जाता है । हर वर्ष उनकी याद में उसी समाधि पर भव्य मेला लगता है। आज भी होली के दूसरे दिन भजन कीर्तन के साथ भव्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोगों ने उस भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे के लोगों द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## होली में ससुराल आए युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव,परिवार ने लगाया हत्या का आरोप



अमर ख्याल । अशोक सागर

गोण्डा होली में निमंत्रण खाने अपनी ससुराल आए युवक का शव शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर सरयू रेलवे क्रासिंग के निकट पाया गया,मामले में मृतक के पिता द्वारा ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई है। मामला करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत कटरा शहबाजपुर से जुड़ा है। मामले में ग्राम तिनगाई जनपद बहराइच निवासी लल्लन पुत्र माधव द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया गया है कि उनका लड़का मुकेश की ससुराल कटरा शहबाजपुर में थी,उसकी शादी शिवकुमार की पुत्री ममता के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थी। होली में ममता अपने मायके कटरा शाहवाजपुर आई थी। बीते 8-3-023 को प्रार्थी के पुत्र के मोबइल पर फोन करके विपक्षी गण ने होली का निमंत्रण कहके बुलाया तथा अपने घर से मुकेश को बाँध दिया। इसकी जानकारी तब हुई जब दूसरे दिन 9-3-023 को जितेन्द्र के मोबाइल पर रात्रि में 11 बजे मुकेश का फोन आया तो मुकेश ने आप बीती बताते हुए कहा कि मुझे बांधकर मारपीट रहे हैं। शुक्रवार को मुकेश का रेलवे ट्रैक पर शव मिलने के बाद मृतक के पिता लल्लन ने मुकेश को जान से मारकर रेलवे लाइन पर फेंक देने का आरोप लगाया गया है तथा कोतवाली में तहरीर देकर मृतक के ससुराल वालों पर मुकेश की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### दबंग ने युवक को पीटा मुकदमा दर्ज

**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोण्डा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आसरा आवास में घरेलू विवाद सुलझाने पहुंचे विवाहिता के परिवार वालों की पति ने पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर मामले में नगर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसरा आवास निवासनी सायबा ने बताया पति से कहासुनी हो गई थी। जिसपर पिता बरसाती, माता व बहनोई सोहराब को बुला लिया। घरवाले जब पति को समझने लगे तो उसने महिला के बहनोई सोहराब व माता-पिता से अभद्रता शुरू कर दी। वहीं, धारदार हथियार से हमले में बहनोई घायल गया। पुलिस ने आरोपी पति अंसार उर्फ राजा निवासी आसरा आवास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

अमर ख्याल संवाददाता



सीतापुर / रेउसा क्षेत्र सेउता विधान सभा से लगातार चार बार विधायक रह चुके पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह. झीन बाबू. के निज निवास स्थान सुपौली में सर्व समाज होली के त्यौहार के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया` गांजर कि सरजमी सेउता विधान कि जनता के दिलो पर राज करने वाले पूर्व विधायक झीन बाबू के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान पूर्व विधायक झीन बाबू ने संबोधित करते हुए बताया कि अपने साथियों से कि आने वाली 12, मार्च को महमूदाबाद विधानसभा ग्राम पोखरा कला में समाजवादी पार्टी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके महेंद्र वर्मा कि मूर्ति का अनावरण होना सुनिश्चित हुआ जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन कि सूचना देकर मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में पहुँचने के लिए अपनी गांजर कि जनता को प्रेरित किया इस होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर गांजर क्षेत्र के सभी सम्मानित जनसैलाबे जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह , सुरेश प्रकाश मिश्रा उर्फ पप्पू बघईय्या , श्याम जी शुक्ला , रिजवान अहमद ,राहुल सिंह चौहान , भगवंत सिंह ,अनूप सिंह ,विश्वपाल सिंह विश्शू , सीताराम यादव , चंद्रकुमार तोमर विसवां , राजू सिंह ,अपना सोनू सिंह , विशाल सिंह ,मंजीत सिंह चौहान ,अनिकेत बाजपेई ,अम्बरीष मिश्रा पत्रकार ,विश्वपाल सिंह पत्रकार , सलीम पत्रकार ,कपिल सिंह , आदि सैकड़ो कि संख्या में लोग उपस्थित रहकर भाई चारे कि मिशाल कायम कि और इसी के साथ होली मिलन समारोह का समापन किया गया`

## अराजक तत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़,गांव में तनाव, सीओ ने मौके का किया निरीक्षण



**अमर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच।** के थैलिया गांव स्थित शिव मंदिर में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच की। साथ ही गांव में पुलिस को तैनात कर दिया है। खबर के मुताबिक खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत थैलिहा गांव में भगवान शिव शंकर का मंदिर स्थित है। मंदिर में कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ शुक्रवार सुबह की ।इसकी जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। काफी संख्या में गांव के लोग एकत्रित हो गए। गांव के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सीओ महसी जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट सत्येंद्र बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति की नजाकत को समझते हुए सीओ महसी ने खुद कमान संभाली और स्थिति को सामान्य किया ।मंदिर के टूटे हुए अवशेष को स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से सही करवाने का प्रयास किया जा रहा। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि किसी शरारती तत्व ने मंदिर में छेड़छाड़ की थी। मौके पर पुलिस बल तैनात है। स्थिति सामान्य कोई तनाव की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल निरंतर निगरानी कर रही है।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में कारागार में आयोजित हुआ शिविर

**अमर ख्याल संवाददाता बहराइच।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुवेर्दी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव मनोज कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में जिला कारागार, बहराइच में महिला बंदियों के हितार्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन श्रीमती माधुलिता मिश्रा, श्रीमती पैकर जमाल व राम अधार यादव ने महिलाओं को उनके मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य, संपत्ति का अधिकार, भरण-पोषण, विवाह और तलाक, न्यायिक विच्छेद, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निस्तारण) अधि. 2013, महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम-2005, बाल विवाह प्रतिष्ेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिष्ेध कानून, 1961, बच्चों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पास्को) 2012, महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन शोषण(निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, कारखाना अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, महिला के प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी। शिविर के दौरान मौजूद महिलाओ को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं के हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान बन्दी महिलाओं का आहवान किया गया कि अपने अधिकारों के जागरूक होकर महिलाओं के हितार्थ संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

## पटवाई थाने में बरसे रंग, पुलिस ने खेली होली

## पत्रकारों के साथ पटवाई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव ने बनाई होली

अमर ख्याल/राहुल कुमार



रामपुर। शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराकर ड्यूटी के बाद गुरुवार को पटवाई थाने में भी होली का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे के गुलाल लगाकर बधाई दी। थानाध्यक्ष ने भी सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने विभिन्न पकवानों का भी आनंद लिया। पटवाई थाना क्षेत्र अंतर्गत पहले होलिका दहन और फिर शब-ए-बरात शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराते हुए पुलिसकर्मियों ने लगातार ड्यूटी की। इसके बाद गुरुवार को सुबह से ही पटवाई थाने में भी धूमधाम से होली मनाई गई। थाना प्रभारी हरेन्द्र यादव ने सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए पुलिसकर्मियों को गुलाल भी लगाया। पटवाई कस्बे एवं क्षेत्र के गांवों में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। सभी ने अपने परिवार वालों एवं दोस्तों के साथ जमकर होली खेली। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। जगह-जगह होली की मस्ती में लोग डूबे रहे। ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन के अवसर पर होलिका दहन को बुराइयों पर अच्छाई की जीत बताया। वहीं, पुलिस-प्रशासन ने भी अपने ड्यूटी बखूबी निभाई ।इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

## सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला। प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारियों की मिली भगत से पैसे का हो गया बंदरबांट।



**अमर ख्याल । अर्जुन सिंह सीतापुर।** विकास खंड रामपुर मथुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्वाहडीह?? चिमलाई में ग्राम प्रधान देवनारायण मिश्रा व पंचायत अधिकारियों की मिलीभगत सरकार को लाखो रुपए चूना लगाने के बावजूद भी सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। और वहअपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रहा है। साफ सफाई कभी नहीं होती हैं और न ही कभी उसका ताला खुलता है। जिससे ग्रामीण बाहर खेतों में शौच करने को मजबूर हैं। ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक ग्राम प्रधान व केयर टेकर सामुदायिक शौचालय के रखरखाव का प्रत्येक माह वेतन घर पर बैठकर निकाल रही हैं। जबकि राज्य सरकार व केंद्र सरकार सभी ग्राम पंचायतों को लाखों करोड़ों रुपए की धनराशि दे रही है ।जिससे प्रत्येक ग्राम पंचायत स्वच्छ रहे। आखिरकार जिम्मेदार कौन।

## बड़े भाई को किडनी देकर बचाई जान, पेश की मिसाल

# (कम पढ़े लिखे भाई ने पढ़ा दिया रिश्तों का पाठ)

अमर ख्याल अशोक सागर

गोंडा । विरहमतपुर निवासी शमसुद्दीन ने अपने बड़े भाई को किडनी देकर रिश्तों की मिसाल पेश की। मंगलवार को सफल किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद कारी कमाल अहमद को जीवनदान मिला तो छोटे भाई के प्यार को देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए।विरहमतपुर निवासी कारी कमाल अहमद बहराइच के एक मान्यता प्राप्त मदरसे में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। तीन साल से खराब किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। डॉक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट का सुझाव दिया था, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने से किडनी ट्रांसप्लांट नहीं करवा सके। हालात बिगड़ने के बाद फरवरी में लखनऊ के पीजीआई में भर्ती करवाया गया। वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण प्रसाद ने किडनी ट्रांसप्लांट करवाना बेहद जरूरी बताया।डॉक्टरों ने कहा कि बिना किडनी बदले जान नहीं बचाई जा सकती है। भाई के जान को खतरा होने की बात सुनकर छोटे भाई शमसुद्दीन से रहा नहीं जा सका। उन्होंने अपनी एक किडनी देने का प्रस्ताव रखा। भाई के प्रति प्रेम देखकर डॉक्टरों ने जरूरी जांच कराकर किडनी ट्रांसप्लांट करने की तैयारी की। मंगलवार को डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी कर शमसुद्दीन की एक किडनी कारी कमाल अहमद के शरीर में सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट कर दी। वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण प्रसाद व डॉ. गुलाब झा ने बताया कि हाईब्लड प्रेशर के कारण कमाल अहमद की किडनी खराब हो गई थी। सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट कर दिया गया है। जल्द ही दोनों की अस्पताल से छुट्टी हो जाएगी।कम पढ़े लिखे भाई ने पढ़ा दिया रिश्तों का पाठ गांव वालों ने बताया कि शमसुद्दीन बहुत कम पढ़ा लिखा है, लेकिन अपनी किडनी देकर युवा पीढ़ी को रिश्तों का पाठ पढ़ा दिया। वह कहता है कि भाई से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं हो सकता। मेरे एक किडनी देने से बड़े भाई की जान बच गई। जब तक खुदा चाहेगा। हम दोनों भाई साथ रहेंगे। कमाल अहमद ने भीगी आंखों से कहा कि अल्लाह ऐसा ही भाई सबको दे। मेरे लिए बेटे से भी बढ़कर काम किया है।

# बगहाढ की गौशाला बनी मौत साला ।

## प्रधान समेत उच्चाधिकारी मौन

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा

सीतापुर। बिसवां तहसील के अंतर्गत विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत बगहाढ क की गौशाला मौत का अड्डा नजर आयी। दिनांक 09/03/23को जब मीडिया टीम गौशाला के पास से गुजर रही थी। तभी गौशाला में देखा एक गौ माता मृत अवस्था में पड़ी हुई तथा सात अन्य मवेशी मरने की स्थिति में पड़े दिखाई दिए। मीडिया टीम ने गौशाला मे काम कर रहे, एक बंधु से वहां का जायजा लिया। उनकी मौत का कारण समय से चारा ना मिलना उसने बताया तथा यह भी बताया कि जो डॉक्टर इनकी देखभाल के लिए महराज नगर से आते हैं। उनको सूचना दे दी गई लेकिन डॉक्टर मुकेश कुमार तब भी गौशाला नहीं आए। बताते चलें कि गौशाला के चारागाह में कोई हरा चारा नहीं बोया गया। पूरा का पूरा चारागाह खाली पड़ा हुआ है। जानवर गन्ने की सूखी पत्तियां खाते हुए नजर आए। सबसे बड़ी बात तो यह है की सरकार गौशालाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। उसके बावजूद भी जानवर मर रहे हैं उनको चारा नहीं मिल रहा है। आखिर तो यह खर्चा कहां जाता है। और इसका जिम्मेदार कौन है। ग्राम प्रधान सुनीता देवी को इसकी जिम्मेदारी सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई।

लेकिन वह गौशाला के बारे में कुछ भी नहीं जानती केवल पैसा निकालना उनका काम है। जब मवेशियों को ऐसे ही मरना है तो लाखों करोड़ों का घोटाला क्यों। दिन रात 6. आदमी उनकी देखभाल में लगे हुए हैं। किस बात की देखभाल अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। एसा क्यों। मीडिया टीम ने जब डाक्टर मुकेश कुमार से बात करनी चाही। उनका नंबर बंद पाया गया। यदि डॉक्टर समय से गौशाला पहुंच जाते तो एक मवेशी की मौत नहीं होती और ना ही सात अन्य जानवरों की स्थिति बद से बधाल होती मीडिया टीम डॉ मुकेश कुमार को दोसी मानती मगर सच्चाई क्या है। यह तो ग्राम प्रधान तथा वहां पर कार्य कर रहे जिम्मेदार व्यक्ति ही जाने। जब सरकार ने चारागाह चारा बोने के लिए दे दिया तो उसमें मवेशियों के खाने के लिए चारे की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार को सरकारी अधिकारियों को सचेत करना चाहिए कि गौशाला की जिम्मेदारी उन लोगों को दें जो लोग जिम्मेदारी से गौशाला का संचालन कर सकें।

# सरेआम तोड़ दिया गया हिंदू परंपराओं को पुलिस प्रशासन मौन

अमर ख्याल। अरविन्द अवस्थी



सीतापुर। तहसील लहरपुर के थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंसफखां पुरवा मजरा मानपुर पोस्ट सुनावा का है। जहां पर गांव के ही विपक्षी असरार खां पुत्र अज्ञात ने हिंदू पक्ष को डराया धमकाया और होलिका दहन नहीं करने दिया। वही मुस्लिम पक्ष के असरान खां ने होलिका दहन स्थान के आसपास में अपना सिंचाई वाला इंजन खड़ा किया था। ओर वहीं पड़ोस में काफी हरे भरे पेड़ भी लगा कर रखे हैं जिसको लेकर हिंदू पक्ष को डराया धमकाया और होलिका दहन होने नहीं दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस भी होलिका दहन नहीं करवा पाई, और वहां से पुलिस भी चली गई। जानकारी के मुताबिक पुलिस मुस्लिम पक्ष पर कार्यवाही न करते हुए हिंदू पक्ष के चार पांच लोगों को थाने को ले गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार जयशवाल ने करीब 8:30 बजे दिन में बिना ग्रामीणों को बताए ही होलिका दहन कर दिया फिलहाल हिंदू पक्ष के जो व्यक्ति रेउसा पुलिस उठा ले गई थी उन सभी हिंदुओं को छोड़ दिया गया है वहीं हिंदुओं में होलिका दहन ना कर पाने को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है।

# पी आर बी 1399 के पुलिस कर्मियों ने घायलों को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया

अमर ख्याल/राहुल कुमार



रामपुर। शहजादनगर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर दो मासूम सहित चार लोग घायल हो गए। शहजादनगर क्षेत्र के दुगनपुर गांव निवासी मनोज अपनी पत्नी और दो बच्चो के साथ बाइक द्वारा दुगनपुर से रामपुर की तरफ एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान शंकरपुर के पास एक ढाबे के सामने एक अज्ञात लिए जा रहे थे। इस बीच एक गांव के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो मासूम सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पी आर बी डायल 112 के 1399 के पुलिसकर्मियों ने घायलों को सरकार वाहन से ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डायल 112 से इमरान, धर्मेन्द्र आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## थाना दरगाह क्षेत्र में बन्द घर पर लाखों की चोरी, नही हुयी प्राथमिकी दर्ज



**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच**। थाना दरगाह शरीफ के नई बस्ती बक्शीपुरा में चोरों ने एक बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।घटने की जानकारी होने पर पीड़ित राजेन्द्र कुमार कुलदीप ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंचा और देर रात पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोर घर से करीब 20 हजार रुपये की नगदी और करीब सात लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि होली के त्यौहार पर वह सपरिवार गावँ चला गया था। वृहस्पतिवार को देर शाम जब वह करीब 9:00 बजे गावँ से घर पहुँचा तो देखा गेट का ताला टूटा हुआ है। जब वह घर मे प्रवेश किया तो उसके होश उड़ गये। सभी अलमारियों के लॉक टूटे हुये हैं और घर गृहस्थी का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है, चोरों ने बड़े इत्मीनान से बैठकर चोरी कर सामान को उठा ले गये। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे और नकदी, आभूषण चोरी किए हैं। घटने के सम्बंध में पीड़ित ने एक लिखित तहरीर स्थानीय थाना पर दी है। इस सम्बंध में जब थाना प्रभारी दरगाह शरीफ से जरिये फोन बात की गयी तो उन्होंने बताया जाँच की जा रही है और अभी कोई तहरीर ही नही मिली है।

## जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 13 मार्च को

**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच**। जिला विज्ञान क्लब के अध्यक्ष जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र के निर्देश के क्रम में एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ जय प्रताप सिंह के कुशल मार्ग दर्शन एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ नंद कुमार शुक्ल नेतृत्व में जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में महाराज सिंह इंटर कॉलेज में 13 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समन्वयक श्री शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का मुख्य विषय ह्लवैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञानह्ल निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में ड्रोन टेक्नोलॉजी, नेचुरल एंड ऑर्गेनिक फार्मिंग, रोबोटिक्स, सेंसर टेक्नोलॉजी, नैनो टेक्नोलॉजी एवं नैनो मटेरियल्स, स्टीम सेल टेक्नोलॉजी, बायो एनर्जी, रिन्यूएबल एनर्जी, सोलर एनर्जी, हाइड्रोजन फ्यूल सेल एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आईटीओ वेब 3-0, मेटावर्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स, डिफरेंट लोन बैटरी चार्जिंग स्टेशन, मिसाइल्स टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी एंड सेटेलाइट्स, एयरक्राफ्ट, साइबर सिक्योरिटी डिजिटल इंडिया, विषय जिला स्तर पर भी चुना जा सकता है। उपविषय तथा इस प्रतियोगिताओं में एक मॉडल में जनपद के समस्त विद्यालयों व संस्थानों के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय/संस्थान से प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चयनित होने पर 3000 रुपए, द्वितीय स्थान चयनित होने पर 2000 रुपए एवं तृतीय स्थान चयनित होने पर 1000 रुपए के नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा चयनित 15 मॉडल के बच्चे मंडल स्तर पर तथा मंडल स्तर से 10 मॉडल बच्चे राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विद्यालय/संस्थान के छात्र-छात्राएं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब बहराइच डॉ नंद कुमार शुक्ल के मोबाइल नंबर 7007403390 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महादेवा ताल के निकट दिखा बाघ लोग हुये रोमांचित

अमर ख्याल संवाददाता



बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में बाघों की संख्या बढ़ने लगी है। जंगल भ्रमण पर जा रहे पर्यटक कहीं न कहीं बाघ हो तो नदियों को देखकर रोमांचित हो रहे हैं। गुरुवार को जिला मुख्यालय से लोग जंगल भ्रमण पर गए तो बाघ के साथ अन्य जंगली जीव देखकर काफी खुश दिखे। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। वन विभाग और कतरनिया घाट फ्रेंड्स क्लब की मेहनत जंगल में दिखने लगी है। कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के सदस्य अमन लखमानी और अंकुर राव अपने मित्र अभिषेक और नवीन के साथ गुरुवार की शाम कतर्नियाघाट भ्रमण पर गए थे। रात्रि विश्राम करने के बाद सभी शुक्रवार सुबह जंगल सफारी पर निकले। रास्ते में उन्हें कई स्थानों पर चीतल के झुंड, जंगली सुवर, मोर, जंगली मुर्गा इत्यादि दिखाई पड़े। जैसे ही उनकी सफारी महादेवा ताल की ओर बढ़ने लगी, तभी उन्हें एक बड़ा नर बाघ दिखाई पड़ा।

बाघ को देख सभी रोमांचित हो उठे। इस बीच अमन और अंकुर ने बाघ के चित्रों को अपने कैमरे में कैद किया। इस संबंध में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि डीएफओ कतर्नियाघाट की मेहनत से वन क्षेत्र में मानवीय दखल अंदाजी में कमी आई है और कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के जागरूकता कार्यक्रमों से जंगल के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। फलस्वरूप कतर्नियाघाट में बाघों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मालूम हो कि इस समय जय जंगल क्षेत्र में 30 से अधिक बाघ विचरण कर रहे हैं।

## चांदी जड़ित हनुमान चालीसा देकर पत्रकार बंधुओं ने दिया बधाई



**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच**। होली त्यौहार के उपरांत महेश कुमार कैथल एसडीएम कैसरगंज व सत्य प्रकाश पांडेय खण्ड विकास अधिकारी जरवल, राजेश कुमार सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक, अरुन कुमार वर्मा एडीओ पंचायत, विकास सिंह पंचायत सेक्रेट्री, राहुल सिंह पंचायत सेक्रेट्री आदि सम्मानित लोगों को सोशल मीडिया के चर्चित वरिष्ठ पत्रकार पंडित अशोक मिश्रा ₹अन्ना भैय्या₹ व अजय उत्तम वर्मा पत्रकार ने चांदी जड़ित हनुमान चालीसा देकर बधाई दीं।

# प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि सैनी समाज ने लिया संकल्प

अमर ख्याल । राजेश कुमार



मथुरा। जनपद में दोपहर को मुर्शदपुर सदर बाजार स्थित सैनी धर्मशाला में महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा के तत्वाधान में पराधीन भारत की नारी सशक्तिकरण की प्रतीक देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सैनी समाज सेवा समिति सदर के अध्यक्ष गोविंद राम सैनी की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य रूप से एड. राकेश सैनी, भगवती प्रसाद सैनी, नत्थीलाल सैनी डालचंद सैनी ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित कर माता सावित्रीबाई फुले के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले नारी जाति के उत्थान को शिक्षा के द्वार खोलकर मुक्तिदाता का दर्जा प्राप्त किया ,वह भारत की सच्ची राष्ट्रमाता है । अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार ( आरपी सिंह राठौर ) से बातचीत में समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले को पराधीन भारत में नारी सशक्तिकरण की प्रतीक बताकर श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले द्वारा खोले गए प्रथम स्कूल की दुर्दशा राज्य एवं केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों का प्रमाण प्रस्तुत करती है केंद्र सरकार जबरन शिक्षा का निजीकरण कर दोहरी शिक्षा प्रणाली बनाए रखना चाहती है माता सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले जी के सपनों का भारत तभी होगा जब प्रत्येक नागरिक को समान शिक्षा कानून व्यवस्था के तहत अध्ययन का मौका मिलेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष नत्थीलाल सैनी, अश्विनी सैनी, महामंत्री, आडीटर रामस्वरूप सैनी, भगवान स्वरूप, ओमी सैनी, कार्यालय प्रभारी विष्णु सैनी, भूरी सिंह सैनी, डोरी लाल सैनी, जसवंत सिंह कुशवाहा, डा. राजकुमार सैनी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा में दिए गए योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।

## पीआरडी स्वयं सेवकों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मार्च तक

**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच**। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि पीआरडी स्वयं सेवकों द्वारा निर्धारित तिथि तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। ऐसे स्वयं सेवकों के लिए शासन द्वारा अन्तिम तिथि 31 मार्च 2023 तक निर्धारित करते हुए प्राप्त आवेदन को ऑनालइन पंजीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने आनलाइन रजिस्ट्रेशन से वंचित सभी पी०आर०डी० स्वयं सेवकों से अपील की है कि आनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास भवन बहराइच से निर्धारित रजिस्ट्रेशन फार्म भरते हुए 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करा दें। साथ ही पंजीकरण फार्म के साथ अपने समस्त अभिलेख मूल रूप में अवश्य लाएं ताकि आनलाइन रजिस्ट्रेशन समय से किया जा सकें। निर्धारित तिथि 31 मार्च 2023 को सांय 05 बजे के बाद किसी भी पीआरडी स्वयं सेवक के ऑनलाइन किये जाने हेतु पंजीकरण फार्म/प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## सौभाग्य योजना (सोलर) से जगमग होंगे जिले के दूरस्थ ग्राम व मजरे

**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच**। यूपी नेडा अन्तर्गत संचालित सौभाग्य योजना के तहत गठित समितियों की बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नेडा सुरेन्द्र कुमार को निर्देश दिया कि राजस्व ग्राम घोषित किये गये वन ग्रामों को भी सौभाग्य योजना से आच्छादित किया जाया। अविद्युतकृत ग्रामों के चयन के सम्बन्ध में डीएम डॉ. चन्द्र ने पीओ नेडा को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से समन्वय कर ग्रामों की सूची प्राप्त करें तथा ऐसे ग्रामों को प्राथमिकता प्रदान की जाय जो विद्युत विभाग की पहुंच से भी दूर हो। कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक के दौरान इण्डो नेपाल बार्डर योजना की समीक्षा के दौरान पीओ नेडा श्री कुमार ने बताया कि इण्डो नेपाल बार्डर योजना के अन्तर्गत ग्राम मूर्तिहा, घुमनाभारू, सलारपुर, भरथापुर, कतर्नियाघाट एवं भवनियापुर का सोलर पावर पैक से विद्युतीकरण किया जायेगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी भवनों यथा तहसील, कलेक्ट्रेट, विकास खण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायत सचिवालय में सोलर रूफटाफ की स्थापना विद्युत उत्पादन किया जाए ताकि विद्युत की बचत हो सके। सूर्य मित्रों के प्रशिक्षण पर चर्चा के दौरान निर्देश दिया गया कि प्रधानाचार्य आईटीआई से योग्य अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त कर उन्हें शीघ्र से शीघ्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना की समीक्षा के दौरान पीओ नेडा ने बताया कि ग्राम लख्खरामपुर, कन्छर, गोड़हिया न. 03 व 04, त्रिकोलिया, मोहनपुरमाफी, दहाव, सिसैय्या चूरामणि, बिसवां, मोतीपुर, परानी गौढ़ी, कोटवा, रायगंज, शैदा, नेवादा, भदवानी, शेखदहीर, बंगलाचंक, बरगदही नैजाभार व चिकनिया को आच्छादित किया गया। श्री कुमार ने बताया कि प्रत्येक ग्राम में 10-10 सोलर स्ट्रीट लाईटों से आच्छादित किया गया है। बैठक के दौरान सौर ऊर्जा नीति अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन वरिष्ठ परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय, उप खण्ड अधिकारी वन विभाग अशोक कुमार, अधि.अभि. विद्युत नानपारा कृष्ण कुमार, एसडीओ विद्युत बहराइच आनन्द सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की दीवार एवं कब्रों को क्षतिग्रस्त - किए जाने पर आक्रोश

अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में बहुजन मुक्ति पार्टी के बैनर तले प्राचीन कब्रिस्तान वक्फ संख्या 74 व 858 स्थित मछली मंडी भरतपुर गेट पर सहायक नगर आयुक्त श्री राजकुमार मित्तल के द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के आदेशों की अनदेखी कर बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए कब्रिस्तान की दीवार एवं कब्रों को क्षतिग्रस्त किए जाने तथा असभ्य भाषा का प्रयोग कर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के प्रयास के विरोध में श्रीमान जिलाधिकारी महोदय मथुरा को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया है कि उपरोक्त कब्रिस्तान उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के रिकॉर्ड में पंजीकृत वक्फ है उपरोक्त वक्फ कब्रिस्तान के सौंदीर्यकरण एवं विकास कार्य कराए जाने हेतु लखनऊ वक्फ बोर्ड से कई बार आदेश जारी किए जा चुके हैं मगर नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा हर बार जबरन कब्रिस्तान के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न की जाती रही है। ज्ञापन मे सहायक नगर आयुक्त महोदय के द्वारा कब्रिस्तान की दीवार व कब्रों को क्षतिग्रस्त किए जाने एवं असभ्य भाषा का प्रयोग कर आमजन को उकसाने को लेकर सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कराने की मांग की गई मांगे ना माने जाने की स्थिति में बहुजन मुक्ति पार्टी आंदोलन करने पर बाध्य होगी इस मौके पर छत्रपाल सिंह निषाद, जितेंद्र सिंह अध्यक्ष डॉक्टर अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच, अरुण कुमार, बबलू कुरैशी, हाजी जाहिद, आसिफ कुरेशी, रज्जू कुरैशी, मुन्ना मलिक, अबरार मेंबर, गब्बर कुरैशी, राहुल, अफरीदी, हैदर अली, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने स्टेट बैंक के सामने दिया धरना

**अमर ख्याल । सोनी कुमारी महराजगंज रायबरेली**। कांग्रेसियों ने बीजेपी सरकार के खिलाफ पहरेमऊ चौराहे पर स्टेट बैंक के सामने किया धरना प्रदर्शन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ मनीष सिंह चौहान की अगुवाई में पहरेमऊ चौराहे पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन कर मुख्य मुद्दों को उठाया । जिनमें मोदी एवं भाजपा सरकार द्वारा अडानी के पक्ष में क्रोनी कैप्टीलिज्म नीति चलाई जारही है,जिससे देश का बुनियादी ढांचा लगातार कमजोर होता जा रहा है। और राष्ट्रीयकृत बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे सार्वजनिक संस्थानों को गलत व अतार्किक निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की बचत जोखिम भरा हो गया है,इस ज्वंलत मुद्दा को लेकर कांग्रेस पार्टी गम्भीर है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर 10 मार्च को रायबरेली के प्रत्येक ब्लाक स्तर राष्ट्रीयकृत बैंकों /स्टेट बैंक की शाखाओं के सामने आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा । इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ खान न्याय पंचायत उपाध्यक्ष अजमल खान ग्राम पंचायत अध्यक्ष भोला सिंह श्री कृष्ण यादव शामिद खान पूर्व प्रधान मुन्ना यादव पूर्व प्रधान सफीर खान संतराम यादव तौफीक खान राजेंद्र पासवान मुन्नू खान राजेंद्र मौर्य सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे ।

## अवैध गांजा के अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल मधु शाह**

**कुशीनगर**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध मांदक द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जटहांबाजार पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त साजिद अंसारी पुत्र रऊफ अंसारी सा0 पड़री पिपरपाती टोला महादेवा थाना जटहा बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.4 किग्रा0 अवैध गांजा कुल कीमत लगभग 24000 रुपए की बरामदगी की गयी बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है बरामदगी गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार उ0नि0 उमेश कुमार यादव का0 पंचम यादव विनय यादव इकरामुद्दीन खान रहे।

# दलित पिछड़ों भूमिहीन गरीबों को भूमि दिलाने अम्बेडकर जन मोर्चा का आंदोलन तेज

## 17 मार्च को गोरखपुर कमिश्नर कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन

अमर ख्याल । राजेश कुमार

गोरखपुर। दलित पिछड़ा भूमिहीन गरिबों के प्रति परिवार एक एकड़ जमीन दिलाने के लिए अम्बेडकर जन मोर्चा द्वारा आन्दोलन के दूसरा चरण का घोषणा किया। 17 मार्च 2023 को गोरखपुर कमिश्नर कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन होगा। विगत दिनों जमीन की मांग को लेकर अम्बेडकर जन मोर्चा ने गोरखपुर में दलित अधिकार रैली किया था उस रैली में आम जनता लाखों की संख्या में साथ दिए। अम्बेडकर जन मोर्चा की पदाधिकारी सीमा गौतम और मुख्य संयोजक/राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार निराला का ऐलान, जब तक जमीन नहीं मिलेगा हमारा आन्दोलन चरणबद्ध तरिके से जारी रहेगा औ? अम्बेडकर जन मोर्चा के कार्यालय पर भूमिहीन गरिबों का जमीन के लिए लगभग 70 हजार अप्लीकेशन भी जमा हो चुका है। उक्त बातें अम्बेडकर जन मोर्चा के मुख्य संयोजक/राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार निराला ने आज गोरखपुर तारामण्डल स्थित मुख्य कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना सरकार ने 15 अगस्त 2014 को निर्णय लिया था कि तेलंगाना प्रदेश के सभी भूमिहीन दलितों को तीन-तीन एकड़ जमीन खरीदकर निःशुल्क वितरित करेगी। इस योजना के अन्तर्गत मार्च 2022 तक 16906.34 एकड़ भूमि खरीदी जा चूकी है। जिसकी कीमत रू0 355.94 करोड़ है। यह जमीन 6874 परिवरों में वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त तेलगांना सरकार दलित आदिवासी बच्चों को करोड़ो रुपए की सहायता देकर विदेशों में पढ़ाई करने के लिए भेज रही है। साथ ही साथ कई अन्य योजना भी इन वर्गों के उत्थान के लिए चला रही है। प्रश्न यह उठता है कि तेलगांना सरकार कर सकती है तो उत्तर प्रदेश की सरकार क्यों नहीं कर सकती है। उत्तर प्रदेश में 45 प्रतिशत दलित बिल्कुल भूमिहीन है। इनका आर्थिक जीवन और सामाजिक जीवन अत्यन्त ही कठिन और अपमानजनक है। राजनीतिक जीवन का तो कोई मोल नहीं है। इस नातों न सरकार को चिन्ता है न ही मुख्य विपक्षी पार्टियों को है जो पिछले 30 वर्षों में कई बार सरकार में रही है। दलितों का नौकरी पेशा वर्ग भी अपनी नौकरी करने और बचाने की लड़ाई में लगा हुआ है,समय मिलता है तो आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ लेता है, जो एक आवश्यक लड़ाई है लेकिन इन 45 प्रतिशत भूमिहीन दलितों की चिन्ता को इनके लिए कुछ करने का अवसर नहीं मिला,राष्ट्रीय सयोजक ने कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम भी भूमिहीन दलितों को कम से कम एक एकड़ कृषि योग्य भूमि देना चाहते थे।



अब कांशीराम साहब हमारे बीच नहीं है तो इनकी लड़ाई कौन लड़ेगा पिछली योगी जी की सरकार ने अब अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व शिक्षा शुल्क सरकारी खजाने से देना बन्द करने का निर्णय लिया तो अम्बेडकर जन मोर्चा ने शिक्षा, छात्रवृत्ति बचाओं विशाल रैली किया तब जाकर मजबूर होकर सरकार को झुकना पड़ा और लाखों विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला। इसलिए अम्बेडकर जन मोर्चा का यह संकल्प है कि जब तक जमीन नहीं मिलेगा तब हम लड़ेगे और हम जितेगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अम्बेडकर जन मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सीमा गौतम ने कहा कि हमारा आन्दोलन दलित पिछड़े भूमिहीन समाज के अस्तीत्व की लड़ाई है, जमीन हमारा अधिकार है, जो हमारे भरण पोषण और सम्मान के लिए अति आवश्यक है। हम अपील करते है कि आप सभी साथी बड़ी से बड़ी संख्या में 17 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे कमिश्नर कार्यालय, गोरखपुर पर पहुँचे और अपनी आवाज को बुलन्द करें, सरकार हमारी मांग के सामने झुकेगी, हमारी जीत की शुरूआत हो चुकी है, हमें सूचना मिल चुकी है कि सरकार ने यह मान किया है कि हमे जमीन देना ही पड़ेगा इसीलिए सरकार ने पहले चरण में खाली जमीन का सर्वे शुरू कर दिया है, सिलिंग और बचत की जमीनों को खाली कराया जा रहा है, यह अम्बेडकर जन मोर्चा के आन्दोलन ह्यह्यदलित अधिकार रैलीह्लह्ल का असर है। हमें रूकना नहीं है, संघर्ष को मजबूती से आगे बढ़ाना है। इस बैठक में मुख्य रूप से ऋषि कपूर आनन्द (प्रदेश उपाध्यक्ष), आनन्द कुमार (मण्डल उपाध्यक्ष), एल0बी0 गौतम (मण्डल उपाध्यक्ष), हरिलाल भारती (मण्डल महासचिव), राजेन्द्र प्रसाद (प्रदेश सचिव), संजय कुमार, शिव कुमार, लालजी प्रसाद (जिलाध्यक्ष), श्रवण शर्मा (मण्डल अध्यक्ष), अभिषेक अवस्थी, राजन पासवान, महन्थ मौर्या, अनिता भारती (जिला सचिव), पिन्टू कुमार गौड़ (जिला सचिव), अरविन्द प्रकाश, विनय भारती आदि समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल्मीकि समाज ने भरी हुकार: सिंचाई विभाग व प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में दी चेतावनी, ठप करेंगे सफाई कार्य

## अतिक्रमण के नाम पर एक भी घर नहीं तोड़ने देंगे

अमर ख्याल राजेश कुमार

मथुरा। कृष्णा नगर स्थित संजय नगर नाले से सिंचाई विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कोशिश करने के विरोध में रह रहे बाल्मीकि समाज के लोगों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना था कि अतिक्रमण हटाए गए तो वे बेघर हो जाएंगे। यदि प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कोशिश की तो वे प्रशासन के विरूद्ध आरपार की लड़ाई लडेंगे। चेतावनी दी कि पूरे जनपद की सफाई कार्य को ठप कर देंगे।

संजय नगर के निवासी अपना रोष व्यक्त करने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे। वहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सिंचाई विभाग के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए कार्यवाई को स्थगित करने की मांग की। संजय नगर के निवासियों का कहना है कि सिंचाई विभाग उस नाले को किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा का तर्क देकर लोगों को बेदखल करना चाहता है। हर दो चार साल बाद विभागीय अधिकारी नोटिस दे देते हैं। जबकि मुख्यमंत्री की योजना के अंतर्गत झोपड़ी झुग्गियों में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन से बेदखल नहीं किया जा सकता है। सिंचाई विभाग की यह कार्यवाही अनुचित है। देश की आजादी के बाद हम विशेष समाज के लोगों को यहां पर बसाया गया था। जो आज पूरे शहर की ही नहीं पूरे जनपद की साफ सफाई करता है। लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर प्रशासन द्वारा हमारे मकानों पर कार्यवाही करता है सभी मिलकर पुरजोर विरोध करेंगे साथ ही जनपद की सफाई कार्य को ठप करने को बाध्य होंगे। उनके द्वारा सफाई कार्य ठप करने के बाद अगर कोई महामारी जिले में फैलती है तो इसका जिम्मेदार केवल मथुरा का जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग होगा। प्रदर्शन के बाद संजय नगर के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डिप्टी कलेक्टर ने उनको अश्वासन दिया कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। प्रदर्शन करने वालों में ललित कुमार चौहान, दिनेश, लेखराम, श्याम सिंह, चंद्र सेन, सोहन देवी, दिनेश सिंह, तोताराम, जगदीश, रामजीलाल, सुक्खी, जवाली, चंद्रभान, रामपाल, बाबूलाल, हरदेव, सुबेरा, रामदास, यादराम, दयाराम, अल्लू, सुशील, श्याम सुंदर आदि थे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 22 कर्मचारियों को अनुपस्थित रहने पर 2 दिन का वेतन काटने का दिए निर्देश

अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा। होलिका महोत्सव अवकाश समाप्त होने के उपरांत भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी दो दिन से निरंतर अनुपस्थित रहने पर दो दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा होली महोत्सव के अवकाश खत्म होने के बाद 9 मार्च को सभी कार्यालय खुले लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अधिकांश कर्मचारी नजारत रहे, दूसरे दिन भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोपहर तक अनुपस्थित कर्मचारियों का कार्यालय आने की प्रतीक्षा की लेकिन इसके उपरांत 22 कर्मचारी नहीं आ सके विवश होकर के इन्होंने उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थिति लगाकर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी। 22 कर्मचारियों जिसमें लिपिक और चतुर श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। दो दिन का वेतन काटने के संबंधित अधिकारी डॉ भूदेव सिंह को निर्देश दिए। डॉ भूदेव सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश का अनुपालन करते हुए उपरोक्त कार्यवाही को अंतिम रूप देने में क्षण की देर न करते हुए सर्विस पुस्तिका में प्रविष्टि देते हुए दो दिन का वेतन काटने की मोहर लगा दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के इस कदम से उपस्थित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और साथ ही उपस्थित कर्मचारियों को भी भविष्य में मनमानी रूप से कार्यालय ना आने पर कार्यवाही का इशारा भी दे दिया।

# होली का पर्व हमें प्रेम और सौहार्द पूर्वक रहने की शिक्षा देता है प्रभात साहू

अमर ख्याल सोनी कुमारी



महराजगंज रायबरेली। चेयरमैन प्रभात साहू कस्बे में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में की शिरकत । रानी का पुरवा मे आयोजित होला होली मिलन समारोह में पहुंचे प्रभात साहू ने कहा होली का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। इसमें समस्त प्रकार की बुराइयां जलकर राख हो जाती है और एक दूसरे के प्रति प्रेम और सौहार्द की भावना लोगों के अंदर व्याप्त होती है। श्री साहू ने कहा होली यही शिक्षा देती है कि हम आपस में हर प्रकार के दोष और बुराइयों को बुलाकर प्रेम पूर्वक रहे रानी का पुरवा मे आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे लोकप्रिय नेता प्रभात साहू को पाकर लोग गदगद नजर आए लोगों ने बताया चेयरमैन प्रतिनिधि हमेशा सुख-दुख त्यौहार पर हम लोगों के बीच आकर हम लोगों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करते रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# स्वामी हरिदास बाबा के स्थान पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अमर ख्याल । सोनी कुमारी



महराजगंज। रायबरेली विशाल भंडारे का हुआ आयोजन । क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थान स्वामी हरिदास बाबा बबुरिहा के पवित्र प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गयो विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने स्वामी हरिदास बाबा के स्थान पर नमन कर प्रसाद ग्रहण किया । हजारों वर्षो से क्षेत्र के लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र रहा स्वामी हरिदास बाबा का स्थान क्षेत्र ही नहीं पूरे जिले में प्रसिद्ध है आज तक बाबा से जो भी भक्तों ने मांगा है बाबा ने उसे जरूर पूरा किया । इस मौके पर महंत लक्ष्मण दास राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से दिनेश सिंह रमेश सिंह उमेश सिंह दिनेश सिंह शैलेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह उर्फ नीलू कुलदीप सिंह अन्नू सिंह मंगली सिंह रोहित सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# देश की सलामती और खुशहाली के लिए मांगी दुआएं

**अमर ख्याल राहुल कुमार**

**भोट / रामपुर**। क्षेत्र के कस्बा भोट में स्थित हजरत दादा मियां रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर चल रहे 15 दिवसीय सलाना उर्स के मौके पर दरगाह परिसर में सवेरे पहले कुरआन ख्वानी हुई । इसके बाद नमाजे असर उलेमाओं द्वारा कुल शरीफ पढ़ा गया । जिसमें नात - ए - पाक और हजरत दादा मियां रहमतुल्ला अलैह की विलादत और विसाल पर तकरीर के माध्यम से रोशनी डाली गई । साथ ही देश व कौम की सलामती और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई । इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। आखिरी में उपस्थित अकीदतमंदों में शिरिनी तक्सीम की गई । दरगाह के सज्जादानशीन शाहिद मियां ने बताया कि नमाजे इशां बाद कव्वालियों के प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शाहिद मियां , मौलाना मकसूद आलम, रफी सलमानी, जहूर, बब्लू भाई,सगीर अहमद,सिराज पाशा, मुर्शिद हसन, जुल्फेकार अली,जमीर अहमद,भूरा, मौ अली मौज,खुर्शीद अहमद, रिजवान मियां आदि मौजूद रहे।

# जातीयता और नशा का त्याग करके ही देश और देश के निवासी हो सकते हैं समृद्ध- चंद्रमोहन राष्ट्रीय अध्यक्ष

## हिंद मजदूर किसान समिति ने लगाया किसान पंचायत



**अमर ख्याल रोहनिया**। बहोरनपुर गांव में शुक्रवार को मजदूर समिति ने किसान पंचायत में ग्रामीण पुरुष और महिलाओं को संबोधित करते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन जी ने कहा कि नशा का त्याग करके ही देश को और देशवासियों को समृद्धि के रास्ते पर ले जाया जा सकता है ।कहा कि ग्रामीण और शहरी समाज में जातीयता और नशा ने बेड़ा गर्क किया है। यदि लोग इससे बाहर निकल जाए तो हर घर में समृद्धि आ जाएगी। चंद्रमोहन जी ने कहा कि लोगों को गरीबी के दलदल में ले जाने वाले दोनों प्रमुख कारण है। कहां कि जाति ही भ्रष्ट राजनीति की देन है जिसे तमाम राजनीतिक पार्टियां जिंदा रखना चाहती हैं ।उन्होंने आह्वान किया कि ग्रामीण मजदूर तथा किसान जातीयता और नशे से मुक्ति के लिए एकता के सूत्र में बधे। नशा जाति मुक्ति एकीकरण के प्रयास से ही लोग सशक्त होंगे। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे लोगों का भी बहिष्कार होना चाहिए जो जातीयता को बढ़ावा देते हैं कहा कि लोगों को अपने घर परिवार को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए खुद ही नशे से दूर होना चाहिए। इस दौरान संस्था के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार पटेल ने भी पंचायत को संबोधित किया ।इस दौरान यहां पर भारी संख्या में ग्रामीण पुरुष महिलाएं मजदूर और किसान उपस्थित थे।

# चढ़ा होली का खुमार, खूब उड़ा रंग-गुलाल...





**अमर ख्याल रामनगर**। प्रेम रंगों के महापर्व होली के अवसर पर युवाओं की टोली ने अबीर-गुलाल से होली खेलकर पानी बचाने का सकारात्मक संदेश दिया। युवा समाजसेवी शुभम सिंह के अगुवाई में युवा टोलियों ने अबीर-गुलाल से होली खेलकर जल संरक्षण के लिए लोगों

# होली मिलन एवं शपथग्रहण समारोह औद्योगिक क्षेत्र स्थित रमन डेयरी उद्योग के सभागार में आयोजित किया गया



**अमर ख्याल रामनगर** आज शुक्रवार 10 मार्च 2023को रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा होली मिलन एवं शपथग्रहण समारोह औद्योगिक क्षेत्र स्थित रमन डेयरी उद्योग के सभागार में दोपहर बाद 2 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें पं दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक श्री रमेश जायसवाल जी पूर्वांचल में उद्योगों के विकास एवं निवेश की आवश्यकता पर बल दिया। सरकार मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और भविष्य की आवश्यकताओं के प्रतिपूर्ति लिए संकल्पित है। उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के कारण 24 घंटे सहयोग के लिए स्वयं को उपलब्ध बताया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री आर के चौधरी जी ने रामनगर इंडस्ट्रीयल एरिया के भूमि, विद्युत एवं सड़क की व्यवस्था और प्रभावी करने का आवाहन किया। उन्होंने उद्यमियों से निवेश के सभी प्रस्तावों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया ।आज पूर्वांचल का यह सबसे समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र निवेश को आकर्षित करने का सबसे बड़ा केंद्र है ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संरक्षक श्री शेषपाल गर्ग, संस्था के कार्यों एवं उद्देश्यों के बारे में अध्यक्ष श्री डी एस मिश्रा ने विस्तार से बताया।

कार्यक्रम का संचालन श्री महेश कुमार चौधरी एवं धन्यवाद महामंत्री श्री राकेश जायसवाल जी ने किया। कार्यक्रम में आई आई ए वाराणसी के चैप्टर चेयरमैन श्री नीरज पारिख ने समाज सेवा एवं उद्यमियों के बीच के समन्वय को स्पष्ट किया। शपथग्रहण समारोह के बाद कवि सम्मेलन में प्रयागराज से पधारे सुश्री प्रतिमा मिश्रा जी एवं उनकी टीम से काव्यपाठ से वातावरण को सम्मोहित कर दिया। सभी ने ठंडई एवं अल्पाहार का भरपूर आनंद लिया ।उपस्थित सभी अतिथियों, उद्यमी साथियों, कार्यकारिणी सदस्यों, प्रबंध समिति सदस्यों, समाचार पत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सभी सदस्यों, व्यवस्था से जुड़े कार्यकताओं का हृदय से कोटि कोटि आभार एवं नमन।

**धन्यवाद**
**आपका ही**
**डी एस मिश्रा**
**अध्यक्ष**
**राकेश जायसवाल**
**महामंत्री**
**रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन**

# बोलेरो के धक्के से बाइक सवार चार घायल

**अमर ख्याल मिर्जामुराद**। क्षेत्र के गुड़िया गांव स्थित हाइवे के बने सर्विस रोड पर शुक्रवार की शाम बोलेरो के धक्के से एक बाइक पर सवार अजय मिश्रा उम्र( 26) वर्ष,उनकी पत्नी काजल (22) वर्ष, पुत्री तृषा (3) वर्ष व पुत्र अंस(6) माह निवासी पिंडरा घायल हो गए। बाइक सवार विन्धयाचल जा रहे थे कि गुड़िया पार्किंग स्थल के सामने मोड़ से आई तेज रफ्तार बुलोरो के धक्के से सभी घायल हो गये। तेज रफ़्तार बुलेरो त कछवारोड की तरफ भाग निकला ।ग्रामीणों की मदद से घायलो को ठटरा पावर हाउस के समीप एक निजी अस्पताल में इलाज कराया।

# छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में टकराई दो डीसीएम, दो घायल

**अमर ख्याल मिर्जामुराद**। क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी के पास नायरा पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार की देर रात छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में प्रयागराज की तरफ से आ रही डीसीएम आगे चल रही डीसीएम में पीछे से जा भिड़ा जिसमें पीछे वाले डीसीएम के चालक सुखबीर सिंह व खलासी विवेक यादव निवासीगण इंदागला अलीगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गए ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम के केबिन से चालक-खलासी को निकलवाकर इलाज हेतु सरकारी एम्बुलेंस से बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजवाया। वही दोनों वाहन को रोड से साइड करवाकर आवागमन चालू करवाया।

# विवाद के बाद मारपीट दो घायल, मुकदमा दर्ज

**अमर ख्याल मिर्जामुराद**। क्षेत्र के लडुवाई गांव में गुरुवार को पुरानी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गया जिसमें एक पक्ष के अजय को विपक्षियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया अजय को बचाने आए युवक राजू को भी मारपीट दिये ।गुरुवार की शाम अजय ने गांव के ही चंद्रभूषण, राजन, सुनील व अमृतलाल के खिलाफ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देना व मारपीट का तहरीर दिया ।मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर 323, 504, 506 का मुकदमा दर्ज करने के बाद घायलों को मेडिकल मुआयना के लिए भेजा।

## मूवी रिव्यूज

# तू झूठी मैं मक्कार




कलाकार– रणबीर कपूर , श्रद्धा कपूर , डिंपल कपाड़िया , बोनी कपूर , अनुभव सिंह बस्सी , मोनिका चौधरी , कार्तिक आर्यन और नुसरत भरुचा आदि

लेखक– राहुल मोदी और लव रंजन

निर्देशक– लव रंजन

निर्माता– लव रंजन , अंकुर गर्ग , भूषण कुमार और कृष्ण कुमार

निर्देशक लव रंजन न्यू मिलेनियल्स का सिनेमा बनाने वाले फिल्मकार हैं। रिपोर्ट कार्ड भी उनका अब तक शानदार रहा है। कॉरपोरेट की दुनिया को वह करीब से समझते हैं। संस्कार उनमें अब भी गाजियाबाद वाले बाकी हैं। उनका सिनेमा सीधा सपाट धरातल पर नहीं चलता है। वह सुंदर से दिखने वाले रनवे से टेकऑफ करता है। ऊंचाई पर पहुंचने से पहले खराब मौसम से गुजरता है। दर्शक किसी मुसाफिर की तरह घबराता है। लेकिन, मंजिल से पहुंचने से पहले लव भरोसेमंद पायलट बनते हैं और कहानी को फिर से उस रनवे पर उतार लाते हैं, जहां अंत भला तो सब भला सोचकर दर्शक खुशी खुशी उनके साथ हो लेते हैं। पोस्ट क्रेडिट सीन वह मजेदार लिखते हैं। फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' ऊपर से एक रूमानी मजेदार फिल्म दिखती है लेकिन ये प्रेम का ऐसा दरिया है जिसमें डूबकर तो जाना ही है, साथ ही जिन झरनों से इसमें पानी आया है, उसका स्रोत भी ये फिल्म दिखाती है। साथ में कार्तिक आर्यन भी हैं और नुसरत भरूचा भी। लेकिन, ये फिल्म सिनेमा के सहारे दर्शकों की समझ बढ़ाने की तरफ लव रंजन का बढ़ा एक ठोस कदम है। फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' एक ऐसे लड़के की कहानी है जो अपने परिवार से बेइंतहा प्यार करता है। वह उस सोच का लड़का है जो अपनी प्रेमिका के लिए तारे तोड़ने जाएगा तो कुछ तारे अपनी दादी, अपनी मां और अपनी बहन के लिए भी तोड़कर लाना चाहता है। वह चाहता है कि उसका प्रेम उसके जीवन में सहज तरीके से बहता रहे। इस प्रेम का जो स्रोत है, वह उसका परिवार है और वह अपनी प्रेमिका को ये समझाता भी है कि अगर स्रोत ही छूट गया तो प्रेम की गंगा वह बहाएगा कैसे? सवाल इतना मार्मिक है कि इसके पहले फिल्म में टाइमपास के नाम पर जो कुछ भी निर्देशक लव रंजन ने दिखाया, उसे माफ कर देने का मन करता है। फिल्म रिश्तों में संवादों की कमी की भी बात बहुत सही तरीके से करती है। एक अच्छा बेटा अपने परिवार को न छोड़ने की जिद में अपना प्रेम छोड़ने को तैयार है। एक प्रेमिका है जो अपने होने वाले पति को उसके परिवार के साथ बांटना नहीं चाहती। और, ये दोनों के सोचने का अपना अपना नजरिया है। फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' ये बताती है कि प्रेम की धुन अब बदल चुकी है। इसे घर परिवार के बीच बदलकर तो देखो। वैसे फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का प्रचार, प्रसार जिस तरीके से किया गया है, वह नई पीढ़ी के युवाओं को लुभा नहीं पाया है। हिंदी सिनेमा को इसीलिए अपनी प्रचार तकनीक बदलनी बहुत जरूरी है। एक पारिवारिक फिल्म को एक मक्कार लड़के और एक झूठी लड़की की प्रेम कहानी बताकर प्रचारित करना बिल्कुल जरूरी नहीं था क्योंकि ये फिल्म वह है ही नहीं। शुरुआत फिल्म की जरूर इस बात से होती है कि एक खाते पीते दक्षिण दिल्ली में बसे परिवार का लड़का शौकिया तौर पर लोगों के ब्रेकअप बहुत ही पेशेवर तरीके से कराता है। दोस्त की बैचलर पार्टी में उसकी मुलाकात साथ आई एक लड़की से होती है। दोनों टाइमपास वाला प्यार करने की योजना बनाते हैं। हमबिस्तर भी होते हैं। लेकिन, दिखावे का प्यार करते करते दोनों को असली प्यार हो जाता है। बात शादी तक आती है तो लड़की का मन डोल जाता है और वह अपने ब्रेकअप का ठेका अपने होने वाले पति को ही दे देती है। 'हैप्पी न्यू ईयर', 'बागी 3' और 'कबीर सिंह' वाले सिनेमैटोग्राफर संथाना कृष्णन रविचंद्रन को निर्देशक रवि रंजन ने पहले फ्रेम से ही समझा रखा है कि गुरुग्राम हो या स्पेन, हर फ्रेम बहुत ही भव्य और शानदार दिखना चाहिए। वह कहानी की आत्मा को पकड़े रखते हुए ऐसा करते भी हैं। कैमरा यहां पहले फ्रेम से ही कहानी और दर्शक का सामंजस्य बनाने में लगा रहता है। लव रंजन के निर्देशन की खूबी यही है कि वह दर्शक को अपने साथ जोड़कर कहानी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हालांकि, फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में इंटरवल तक फिल्म के साथ खुद को जोड़े रखने में दर्शक को काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अपनी पिछली फिल्मों के भावों और भावनाओं को ही दोहराते दिखते हैं लेकिन फिल्म इंटरवल के बाद एकदम से पलटी मारती है। अपनी अपनी दुनिया को ही सही मानने वाले दो प्रेमियों की दुनिया जब बाकी किरदारों की दुनिया की तरफ से दिखनी शुरू होती है तो फिल्म के तेवर, कलेवर सब बदल जाते हैं। बीच बीच में हंसी का पंचनामा भी आता रहता है, जैसे एयरपोर्ट पर जब मिकी की मां इमिग्रेशन ऑफिसर से कहती है, 'हम साथ साथ हैं' तो जवाब मिलता है, 'हम आपके हैं कौन?' फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' एक तरह से रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की अभिनय क्षमता की नई शोरील भी है। पिछली कुछ फिल्मों में रणबीर जो दिखाने से चूक गए, उसकी कमी वह इस फिल्म में पूरी करते दिखते हैं। इस हीरो के भीतर अपनी माता नीतू कपूर और पिता ऋषि कपूर के अभिनय के रंगों का खजाना है। इसे बस सही कहानियों का मॉनसून चाहिए, इन रंगों का इंद्रधनुष बनाते उसे देर नहीं लगती है। तारीफ की ही बात है कि रणबीर कपूर फिल्म के दृश्यों के हिसाब से नकली और असली दोनों आंसू निकालने का अभिनय करते हैं और दोनों मौकों पर उनके अभिनय के लिए दाद ही निकलती है।

# टाइगर 3 में सलमान के साथ शाहरुख के सीन को पूरा करने के लिए की गई 6 महीने की प्लानिंग!





आदित्य चोपड़ा ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर पठान के लिए सलमान खान और शाहरुख खान को एक साथ बड़े पर्दे पर लेकर आए है। इस कदम ने दो सुपर-जासूस, पठान के रूप में शाहरुख और टाइगर के रूप में सलमान के साथ अब प्रसिद्ध यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स के जन्म की तरफ इशारा किया है, जिन्होंने रास्तों को पार करते हुए दुनिया को दिखाया कि ये क्रूर भाड़े के सैनिक भी स्पाई यूनिवर्स की टाइमलाइन में बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारतीय सिनेमा के इतिहास के दो सबसे बड़े मेगास्टार के यूनियन ने पठान के लिए बड़े पैमाने पर हिस्टीरिया पैदा कर दिया क्योंकि दर्शकों ने स्क्रीन पर उनकी अकड़ और भाई-चारा को पसंद किया और उन्हें भरपूर प्यार दिया। अब, शाहरुख खान एड्रेनालाईन पंपिंग एक्शन सीक्वेंस के जरिए टाइगर फ्रेंचाइजी में दाखिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिसे अप्रैल के आखिर में मुंबई में 7 दिनों तक शूट किया जाएगा! ध्यान देने वाली बात यह है कि इस सीक्वेंस की प्लानिंग आदित्य चोपड़ा और टाइगर 3 के निर्देशक मनीष शर्मा ने छह महीने से अधिक समय में की है ताकि इसे देश के लिए एक चर्चा का विषय बनाया जा सके! एक वरिष्ठ व्यापार स्रोत ने बताया जब पठान के लिए शाहरुख और सलमान के सीक्वेंस का प्लान बनाया जा रहा था, तो निर्माताओं को यह एहसास हुआ कि सुपर-जासूसों के इस तरह के क्रॉस-ओवर को हर बार एक पायदान ऊपर ले जाने की ज़रूरत होगी क्योंकि यह दर्शकों के लिए सबसे बड़ी यूएसपी है। इसलिए, लेखक, आदि और मनीष इसकी तैयारी करने चले गए और टाइगर की टाइमलाइन में पठान की एंट्री को लिखने और विज़ुअलाइज़ करने में छह महीने का समय लग गया! इस शूट की हर डिटेल को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई है ताकि यह पूरा पैसा वसूल मनोरंजन दे पाए जो दर्शकों के लिए एक तमाशा भी है,। टाइगर 3 में सलमान खान, जोया के रूप में कैटरीना कैफ और टाइगर के प्रतिद्वंद्वी के रूप में इमरान हाशमी इस दिवाली पर रिलीज होने के लिए तैयार हैं!

# प्रियंका चोपड़ा भी झेल चुकी हैं खराब सर्जरी का दर्द



मनोरंजन जगत की अभिनेत्रियां खुद को बेहतर दिखाने के लिए कई सर्जरी कराती हैं। हालांकि, हर बार सर्जरी का मनचाहा रिजल्ट आए, यह मुमकिन नहीं हो पाता। कई डीवा को अब तक गलत सर्जरी की मार झेलते देखा जा चुका है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा भी खराब सर्जरी की शिकार हो गई थीं। प्रियंका चोपड़ा ने खुद इस बात की जानकारी अपनी ऑटोबायोग्राफी अनफिनिश्ड में दी है। अभिनेत्री ने अपनी नाक की सर्जरी का किस्सा साझा करते हुए किताब में लिखा है, पॉलीप को शेव करते समय डॉक्टर ने गलती से मेरी नाक के ब्रिज को शेव कर दिया और ब्रिज गिर गया। जब पट्टियों को हटाने का समय आया और मेरी नाक की स्थिति का पता चला तो मां और मैं डर गए। मेरी नाक का आकार बदल पूरी तरह बदल गया था।

### नाक की सर्जरी बिगड़ने से अभिनेत्री थीं हताश

प्रियंका चोपड़ा ने नाक की गलत सर्जरी की वजह से अपने चेहरे में आए डरावने बदलाव को लेकर लिखा, मेरा चेहरा बिल्कुल अलग लग रहा था। मैं अब मैं नहीं थी। मैं काफी निराश थी। हर बार जब मैंने आईना देखा तो मुझे लगा कि मैं किसी अजनबी को देख रही हूं।

### इंडस्ट्री के शुरुआती दिन में लिया सर्जरी का सहारा

अभिनेत्री ने आगे लिखा, मैं उस समय बुरी तरह टूट गई थी। मुझे लगा कि मेरा आत्मसम्मान और आत्मविश्वास कभी नहीं लौटेगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो प्रियंका चोपड़ा ने यह सर्जरी इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिन में कराई थी। उस दौरान देसी गर्ल खुद को बेहतरीन दिखाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती थीं।

### प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग फिल्में

प्रियंका चोपड़ा मां बनने के बाद भी काम के मोर्चे पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं। अभिनेत्री को जल्द ही वेब सीरीज सिटाडेल में देखा जाना है। इसके अलावा वह इसी साल के आखिर में सैम ह्यूगन और सेलीन डायोन के साथ रोमांटिक कॉमेडी 'लव अगेन' में नजर आएंगी। इतना ही नहीं प्रियंका बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा में भी देखी जाएंगी। इस मूवी में उनके साथ बॉलीवुड की दो और हसीनाएं कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट होंगी।

> प्रियंका चोपड़ा ने नाक की गलत सर्जरी की वजह से अपने चेहरे में आए डरावने बदलाव को लेकर लिखा, मेरा चेहरा बिल्कुल अलग लग रहा था। मैं अब मैं नहीं थी।

# राखी-शर्लिन भी कंगना के शो में आएंगी नजर?



कंगना रणौत अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनके चर्चा में बने रहने का कारण कभी तो बयानबाजी होती है या फिर कभी कुछ और। पिछले साल अभिनेत्री एक रियलिटी शो लॉक अप लेकर आई थीं। एक्ट्रेस का यह शो लोगों को काफी पसंद आया था। सीजन 1 की सफलता के बाद अब सीजन 2 को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। नए सीजन में भी तमाम नए कलाकार नजर आने वाले हैं। इसी क्रम में इस शो में ड्रामा क्वीन राखी सावंत और अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा भी नजर आ सकती हैं।

लॉक अप सीजन 2 को लेकर इन दिनों काफी खबरें सामने आ रही हैं। बहुत से कंटेस्टेंट का नाम इस शो में लिया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि शर्लिन चोपड़ा और राखी सावंत भी लॉक अप सीजन 2 में नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स ने दोनों अभिनेत्रियों को इस शो के लिए अप्रोच किया है। बता दें कि पिछले दिनों राखी और शर्लिन एकसाथ एकदूसरे को दोस्त कहती हुई नजर आई थीं। झगड़े के बाद जब शर्लिन चोपड़ा से पूछा गया कि वह और राखी दोस्त कैसे बने तो शर्लिन का कहना था कि उनकी राखी से कोई निजी दुश्मनी कभी नहीं थी। बस जब भी कभी वह अपने आरोपियों के खिलाफ आवाज उठाती थीं तो राखी सामने आ जाती थीं। शर्लिन ने आगे कहा कहा कि जब भी वह साजिद खान के खिलाफ आवाज उठातीं तो राखी बीच में आ जाती थीं। वह कहती थी कि वो मेरे भाई हैं उनके खिलाफ कुछ मत कहना।

शर्लिन ने आगे कहा, जब मैंने उनको कुछ वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग दिखाए तब उनको विश्वास हुआ और उन्होंने कहा कि अब मैं तुम्हारी लड़ाई के बीच में नहीं आऊंगी। बता दें कि शर्लिन चोपड़ा की शिकायत पर ही राखी को हिरासत में लिया गया था। लेकिन जब दोनों फिर से एकसाथ हो गईं तो शर्लिन राखी के साथ आदिल को लेकर चल रहे विवाद में भी ड्रामा क्वीन के साथ खड़ी नजर आई थीं।

## सोशल मीडिया

# तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा का हुआ ब्रेकअप!



बिग बॉस 15 के शो में करण और तेजस्वी दो मजबूत प्रतियोगी थे जहां करण बिग बॉस के दूसरे रनर-अप के रूप में उभरे और तेजस्वी को शो का विजेता घोषित किया गया। प्रशंसकों ने उनकी केमिस्ट्री को पसंद किया और उन्हें एक प्यारा हैशटैग #TejRan नाम दिया। अब, इश्क में घायल अभिनेता की हालिया पोस्ट ने कुछ अफवाहें उड़ाई हैं। पोस्ट से ऐसा महसूस होता है कि तेजरन अलग हो गये हैं। प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि तेजरान के बीच सब ठीक है और यह सिर्फ एक और सोशल मीडिया पोस्ट है जिसमें उनके अलग होने का कोई सच नहीं है। कुछ प्रशंसक यहां तक प्रार्थना कर रहे हैं कि यदि कोई मतभेद हैं तो युगल को अपने मतभेदों को सुलझा लेना चाहिए। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टेली टाउन के सबसे प्यारे कपल्स में से एक हैं। यह दोनों बिग बॉस 15 के घर के अंदर मिले और तुरंत ही दोनों के बीच प्यार हो गया। ब्रेकअर की खबरों पर अब आखिरकार तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बात रखी है। करण कुंद्रा ने मंगलवार रात एक ट्वीट साझा किया। यह एक शायरी थी। ट्वीट में लिखा था, ना तेरी शान कम होती..न रुतबा घाटा होता.. जो गम में कहा.. वही हस के कहा होता। करण के पोस्ट के बाद फैन्स ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देकर अपनी चिंता जाहिर की। जबकि कुछ ने सवाल किया कि क्या इसका उनके रोमांस से कोई लेना-देना है, दूसरों ने उन्हें आम जनता के सामने अभिनेता का अपमान करने के लिए फटकार लगाई। अब प्रशंसकों के लिए यह अच्छी खबर है, और वे अब शांति से रह सकते हैं क्योंकि तेजस्वी ने आखिरकार इस मामले पर अपनी बात रखी है।

तेजस्वी ने स्पष्ट किया कि जोड़ी के बीच सब कुछ ठीक है और साझा किया कि वे एक-दूसरे की कंपनी का आनंद ले रहे हैं और मजबूत हो रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश ने जूम को दिए एक लेटेस्ट इंटरव्यू में करण संग अपने ब्रेकअप को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि वह करण के साथ प्यार में हैं और दिन ब दिन उनका रिश्ता मजबूत होता जा रहा है। तेजस्वी ने करण संग अपनी शादी का भी हिंट दिया है। उन्होंने कहा, मैं प्यार में हूं। मैं थोड़ी अंधविश्वासी हूं। मुझे लगता है कि जितना ज्यादा मैं इसके बारे में बात करूंगी, उतने ही ज्यादा लोग आपके जीवन की खूबसूरत चीजों पर नजर लगाएंगे। शादी करना मेरी जिंदगी में बहुत जरूरी चीज है. मुझे नहीं लगता कि मैं इसके बारे में तब तक बात करना चाहूंगी जब तक कि यह वास्तव में नहीं हो जाता।

# ऑस्कर 2023 में परफॉर्म नहीं करेंगी लेडी गागा



ऑस्कर 2023 आखिरकार आ गया! यह 12 मार्च को लॉस एंजेलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाला है। भारत में प्रतिष्ठित पुरस्कार कार्यक्रम 13 मार्च की सुबह प्रसारित किया जाएगा। इस बीच कई हफ्तों की अटकलों के बाद, यह पुष्टि की गई है कि लेडी गागा 95वें वार्षिक समारोह में अपने सर्वश्रेष्ठ गीत नामांकित होल्ड माई हैंड फ्रॉम टॉप गन- मेवरिक का प्रदर्शन नहीं करेंगी। फिल्म जोकर की शूटिंग मं बिजी होने के कारण लेडी गागा अपनी सबसे बेहतरीन गाने की सीरीज तैयार नहीं कर सकी हैं। डेडलाइन के अनुसार ग्लेन वीस - शो के कार्यकारी निर्माताओं में से एक और ऑस्कर के श्रोताओं ने इस खबर की पुष्टि की। गायक कथित तौर पर एक नामांकित व्यक्ति के रूप में समारोह में आने की योजना बना रही हैं। हालाँकि, उसके पास एक संगीत संख्या तैयार करने का समय नहीं होगा क्योंकि वह वार्नर ब्रदर्स के डीसी सीक्वल जोकर- फोली ए ड्यूक्स के साथ जोकिन फीनिक्स की शूटिंग कर रही है। वह हार्ले क्विन खेल रही है। सर्वश्रेष्ठ मूल गीत ऑस्कर के लिए अन्य चार धुनें - अपलॉज़ (टेल इट लाइक अ वुमन), लिफ्ट मी अप (ब्लैक पैंथर- वकंडा फॉरएवर), नातू नातू (आरआरआर) और दिस इज़ ए लाइफ (एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स) - शो के दौरान किया जाएगा।

## एक नजर

### कमिंस की मां को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर खेली ऑस्ट्रेलियाई टीम

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुक्रवार को भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की मां मारिया को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले जिनका सिडनी में निधन हो गया। मारिया को 2005 में स्तन कैंसर से पीड़ति होने का पता चला था। वह पिछले कुछ हफ्तों से इस गंभीर बीमारी से जूझ रही थी जो कुछ समय पहले दोबारा उभर आई। उनका गुरुवार रात अपने आवास पर निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को यहां अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले अपने कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड से यह दुखद खबर मिली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को बयान में कहा, हमें मारिया कमिंस के निधन का गहरा दुख है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की ओर से हम पैट, कमिंस परिवार और उनके मित्रों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। बयान में कहा गया, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम सम्मान के तौर पर आज बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेगी। भारत के चार टेस्ट के मौजूदा दौरे पर शुरुआती दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई करने वाले कमिंस अपनी मां की तबीयत बिगड़ने के कारण सिडनी लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ने इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की और मेहमान टीम ने यह टेस्ट नौ विकेट से जीता।

### निश्ना और अवनी ने कट हासिल किया, शीर्ष 20 में शामिल



**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल ने पहले नौ होल में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद संयम जारी रखा जिससे वह बैक नाइन पर बोगी फ्री तीन अंडर का कार्ड खेलकर शुक्रवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक (डब्ल्यूएएपी) चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में शीर्ष 15 में पहुंच गईं। तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में खेल रही निश्ना ने पिछले साल भी कट हासिल किया था, उन्होंने इवन पार 72 का कार्ड खेला। पहले दौर में 71 के कार्ड से उनका कुल स्कोर एक अंडर 141 रह जिससे वह संयुक्त 13वें स्थान पर काबिज सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। क्वीन सिरिकिट कप की चैम्पियन अवनी प्रशांत भी कट में जगह बनाने में सफल रहीं। वह इवन पार 144 के कुल स्कोर से संयुक्त 19वें स्थान पर चल रही हैं। वहीं अन्य चार भारतीय कट में जगह बनाने से चूक गईं जिसमें मन्नत बरार, अनिका वर्मा, लावण्या जादोन और विधात्री उर्स शामिल रहीं।

## फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को बचाएं: एमसीसी

**एजेंसी ■ दुबई**

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को सुरक्षित रखने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा है कि व्यस्त वैश्विक कार्यक्रम के बीच यह घरेलू लीग से प्रभावित होता जा रहा है। नवीनतम एसएलटी20 और आईएलटी20 सहित फ्रेंचाइजी लीग की अधिकता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है जिससे कमजोर सदस्य देशों द्वारा खेले जाने वाले मैचों की संख्या में खतरनाक असमानता पैदा हो रही है। बिग थ्री में शामिल भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का बड़ा हिस्सा मिलता है जबकि अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे जैसे टेस्ट खेलने वाले छोटे देशों को बेहद व्यस्त एफटीपी के कारण शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक मुकाबले खेलने को नहीं मिलते। एमसीसी ने कहा कि दुबई में आयोजित बैठक का उद्देश्य यह जांचना था कि छोटे प्रारूप की फ्रेंचाइजी लीग से भरे व्यस्त वैश्विक क्रिकेट कार्यक्रम के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कैसे संरक्षित किया जा सकता है और अगले 10 वर्षों में वैश्विक क्रिकेट कैसा दिखेगा अगर इसे व्यवस्थित रूप से विकसित होने के लिए समय दिया जाए। एमसीसी ने शुक्रवार को बयान में कहा, 2023 में पुरुषों का क्रिकेट कार्यक्रम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं के भरा पड़ा है जो हाल ही में 2027 तक जारी द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। इस साल संयुक्त कार्यक्रम में टकराव के बिना एकमात्र समय अक्टूबर और नवंबर का है जब भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप होगा। बयान के अनुसार, यह प्रवृत्ति सालाना दोहराई जाती है। अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट लगातार टकरा रहा है। सिर्फ आईसीसी के वैश्विक टूर्नामेंट के दौरान ऐसा नहीं है। घरेलू टूर्नामेंटों में से केवल इंडियन प्रीमियर लीग ही ऐसा टूर्नामेंट है जब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से टकराव से बचा जा सकता है। एमसीसी ने आईसीसी महिला एफटीपी की सराहना की लेकिन टी20 लीग के बीच खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अधिक उपयोगी बनाने के लिए पुरुषों के खेल से सीख लेने का भी आग्रह किया। एमसीसी ने कहा, पुरुषों के कार्यक्रम के विपरीत 2025 तक आईसीसी महिला एफटीपी का हाल ही में जारी किया गया कार्यक्रम बहुत साफ नजर आता है।

## स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के पांचवें चरण में दो शॉट की बढ़त हासिल की



**एजेंसी ■ गुरुग्राम**

स्नेहा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के दूसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की। अब स्नेहा का 36 होल में कुल स्कोर पांच अंडर 139 का है। वह इस सत्र के तीसरे चरण में खिताब जीत चुकी हैं। गौरिका बिश्नोई ने 71 का कार्ड खेला जिससे वह दूसरे दिन यह कार्ड खेलने वाली चार खिलाड़ियों में से एक रहीं।

▶▶ गौरिका बिश्नोई ने 71 का कार्ड खेला जिससे वह दूसरे दिन यह कार्ड खेलने वाली चार खिलाड़ियों में से एक रहीं।

पहले दिन गौरिका ने 70 का कार्ड खेला था और अब उनका कुल स्कोर तीन अंडर 141 का है। जैस्मीन शेखर (71) ने 72 का कार्ड बनाया और अब एक अंडर 143 के कुल स्कोर से वह तीसरे स्थान पर चल रही हैं।

# ख्वाजा-ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया को 480 रन तक पहुंचाया

### भारत के बिना विकेट खोए 36 रन

**एजेंसी ■ अहमदाबाद**



उस्मान ख्वाजा दोहरे शतक से चूक गए लेकिन पहला अंतराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले कैमरन ग्रीन के साथ उनकी 208 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत ने इसके बाद सतर्क शुरुआत करते हुए 10 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 18 रन जबकि कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 480 रन से 444 रन पीछे है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। मैच में भारत की संभावनाओं के लिहाज से कल तीसरा दिन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इससे पहले ख्वाजा ने 422 गेंद में 21 चौकों की मदद से 180 रन की पारी खेली। उन्होंने अंगुली की सर्जरी के कारण पहले दो टेस्ट में नहीं खेलने वाले ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन जोड़े जिन्होंने 170 गेंद में 18 चौकों से 114 रन बनाए। टॉड मर्फी (41) और नाथन लियोन (34) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन जोड़कर भारत की मुसीबत बढ़ाई। मर्फी का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह शीर्ष स्कोर है। भारत की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (91 रन पर छह विकेट) ने करियर में 32वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मोहम्मद शमी ने 134 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उमेश यादव ने निराश किया। उन्होंने 25 ओवर में 105 रन खर्च किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। रविंद्र जडेजा (89 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (47 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। भारतीय गेंदबाजों के दिन के पहले सत्र में विकेट चटकाने में नाकाम रहने के बाद अश्विन ने दूसरे सत्र में तीन और तीसरे सत्र में दो विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया की टीम 62 रन ही बना सकी और उसने इस बीच तीन विकेट गंवाए। ग्रीन ने जडेजा की गेंद को कवर प्वाइंट से चार रन के लिए भेजकर 143 गेंद में करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। ग्रीन हालांकि शतक पूरा करने के बाद अश्विन की लेग साइड से बाहर जाती गेंद को खेलने की कोशिश में विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच दे बैठे। लगभग 60 ओवर तक पैड बांधकर अपनी पारी का इंतजार कर रहे एलेक्स कैरी (00) अश्विन के इसी ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए।

## शॉर्ट न्यूज

### मुझे लगता है कि आगामी आईपीएल में धोनी की विरासत का अंत होगा: हेडन



**नई दिल्ली।** पूर्व आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का कहना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का जश्न शानदार तरीके से मनाएगा क्योंकि उनके करिश्माई कप्तान एमएस धोनी फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग में बतौर खिलाड़ी संभवतः अंतिम बार खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 2008 में लीग के शुरूआती चरण से सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं और टीम को चार ट्रॉफियां दिला चुके हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए सीएसके सफलता के लिए अपने अलग और विशेष तरीके ढूंढने में सफल रही है। उनका दो साल टूर्नामेंट से बाहर रहना दुर्भाग्यपूर्ण रहा लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए आईपीएल जीता जबकि इसकी उम्मीद नही थी। उन्होंने कहा, एम एसी धोनी का टीम को फिर से मजबूत करने, सुधार करने और इसके बिलकुल अलग लुक देने का एक तरीका है, हालांकि टीम का अपने कुछ खिलाड़ियों पर भरोसा करने का टैग लगा हुआ था क्योंकि उसने अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को बरकरार रखा था। हेडन ने कहा, एमएस धोनी के लिए मुझे लगता है कि विशेषकर यह साल कुछ विशेष रहेगा और वे इसका जश्न शानदार तरीके से मनाएंगे। मुझे लगता है कि यह एमएसी धोनी की विरासत का अंत होगा और वह अपने प्रशंसकों के लिए स्टाइल से जाना चाहेंगे और प्रशंसक भी उन्हें स्टाइल से समापन करते हुए देखना चाहेंगे। आईपीएल का आगामी चरण 31 मार्च से शुरू होगा। हेडन ने चेपक स्टेडियम में सीएसके की वापसी पर कहा, 2023 में आईपीएल शुरू होगा और पूरे भारत में कोविड-19 के बाद सभी स्टेडियमों में मैच खेले जाएंगे। यह शानदार होगा, समर्थकों की एलो आर्मी (पीले रंग की टीशर्ट पहने) चेपक स्टेडियम में दिखेगी।

### एंडी मरे बीएनपी परिबास ओपन के दूसरे दौर में

**इंडयन वेल्स।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। मरे ने मौजूदा सत्र में निर्णायक तीसरे या पांचवें सेट में पहुंचे किसी मुकाबले को नहीं गंवाया है। मरे ने 2023 में तीसरे सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचों जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनों मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुक्चि को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया। वावरिंका अगले दौर में 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे। बेन शेल्टन ने फाबियो फोगनिनी को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला वर्ग में 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन ऐमा राडुकानु ने डेंका कोविनिच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन उप विजेता डेनियली कोलिन्स को 80वें नंबर की डेलमा गाल्फी ने 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।

## चिक्कारंगप्पा और कार्तिक थाईलैंड में संयुक्त 13वें स्थान पर



**एजेंसी ■ हुआ हिन (थाईलैंड)**

एशियाई डेवलपमेंट टूर पर दो बार के विजेता एस चिक्कारंगप्पा और कार्तिक शर्मा पहले दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से यहां 20 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोचर तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त 42वें जबकि वीर अहलावत और ज्योति रंधावा दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त 63वें स्थान पर चल रहे हैं। जिन भारतीय खिलाड़ियों पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है उनमें अनुभवी जीव मिल्खा सिंह (73), दिल्ली के युवा गोल्फर हनी बैसोया (73), एसएसपी चौरसिया (74), विराज मादप्पा (75), खलिन जोशी (76) और राशिद खान (78) शामिल हैं। फिलीपीन्स के मिगुएल ताबुएना और डॉज केमर आठ अंडर 64 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इन दोनों ने थाईलैंड के किरादेच अफिबार्नरात और जैज जेनवटानानोंद पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है।

## पुलिस फुटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार महिला फुटबॉलर खेलने को तैयार

**एजेंसी ■ श्रीनगर**

महिला टीमें पहली बार अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी जिसका आयोजन रविवार से जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के नवीनीकृत बक्शी स्टेडियम में किया जाएगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीम की अधिकांश खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता सपना साकार होने से कम नहीं है जिन्होंने इस दिन को देखने के लिए पांच साल इंतजार किया।



▶▶ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की नेहा खान ने कहा, मैं काफी अच्छा और रोमांचित महसूस कर रही हूं।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की नेहा खान ने पीटीआई से कहा, मैं काफी अच्छा और रोमांचित महसूस कर रही हूं। हमें इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार था क्योंकि हमें पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिल रहा है। नेहा ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट लड़कियों को खेल में करियर बनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। बिहार की अनुभवी धर्मशाला कुमारी ने कहा कि अगली पीढ़ी की लड़कियां भी खेल से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा, मुझे खेलों में अपने परिवार का समर्थन मिला लेकिन सुरक्षा बल से जुड़ने में मुझे थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन मुझे सुरक्षा बल पसंद है क्योंकि इससे मुझे खेलने का मौका मिलता है। हरियाणा की मोनिका ने कहा कि उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसे दर्शकों को आकर्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा, महिला दर्शक अगर हमारे मुकाबले देखने आएंगी तो खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित होंगी। बक्शी स्टेडियम का 50 करोड़ रुपए की राशि से नवीनीकरण किया गया है और यहां आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं जिसके बाद यहां यह पहला टूर्नामेंट होगा। जम्मू-कश्मीर फुटबॉल संघ के अध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा, कश्मीर के पिछला बड़ा टूर्नामेंट 2008 में संतोष ट्रॉफी खेला गया था। इसके बाद कश्मीर घाटी में कोई बड़ी प्रतियोगिता नहीं हुई। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल के अनुसार टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में 34 जबकि महिला वर्ग में आठ टीम हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का आयोजन तीन स्थलों बक्शी स्टेडियम, टीआरसी सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम और कश्मीर यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर किया जाएगा।

**टेस्ट** बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा।

## गेंदबाजों ने श्रीलंका को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**एजेंसी ■ क्राइस्टचर्च**



सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (67) के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में है। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिससे न्यूजीलैंड की टीम अब भी 193 रन पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर डेरिल मिशेल 40 जबकि माइकल ब्रेसवेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा। मेहमान टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की तुलना में गेंद को अधिक मूव कराया जिससे मेजबान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई। न्यूजीलैंड को लैथम और डेवोन कॉनवे (30) ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। असिता फर्नांडो (42 रन पर दो विकेट) ने कॉनवे को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। पिछली पारी में शतक जड़ने वाले केन विलियमसन सिर्फ एक रन बनाने के बाद लाहिरू कुमारा (34 रन पर दो विकेट) की गेंद पर दिमुथ करूणारत्ने को कैच दे बैठे। कुमारा ने इसके बाद हेनरी निकोल्स (02) को कासुन रजिता के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 76 रन किया। लैथम और मिशेल ने इसके बाद पारी को संवारा। लैथम ने 122 गेंद में अपने करियर का 27वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। असिता ने लैथम को यॉर्कर पर बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। लैथम ने 144 गेंद की अपनी पारी में सात चौके मारे। रजिता ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (07) को आउट करके न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। इससे पहले कप्तान टिम साउथी (64 रन पर पांच विकेट) और मैट हेनरी (80 रन पर चार विकेट) ने मिलकर नौ विकेट चटकाते हुए श्रीलंका की पहली पारी को 355 रन पर समेटा। साउथी ने असिता फर्नांडो (10) को आउट करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 305 रन से की। धनंजय डिसिल्वा (46) ने दिन के पहले ओवर में ब्लेयर टिकनर पर चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में साउथी की गेंद पर ब्लंडेल को कैच दे बैठे। न्यूजीलैंड ने जब दूसरी नई गेंद ली तो हेनरी ने कासुन रजिता (22) और प्रबाथ जयसूर्या (13) की पारी का अंत किया। लाहिरू कुमारा (13) और असिता (10) की जोड़ी ने अंतिम विकेट के लिए 19 रन जोड़े जिसके बाद साउथी ने श्रीलंका की पारी का अंत किया।

## गेंदबाजी में विविधता का फायदा उठा रही है मुंबई इंडियन्स की टीम: वोंग

**एजेंसी ■ मुंबई**

मुंबई इंडियन्स के महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूर्नामेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है। मुंबई इंडियन्स के प्रदर्शन में वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ 47 रन की पारी के साथ शुरुआत की और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 77 रन बनाए। गुरुवार को मैथ्यूज ने 19 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच ओवर शेष रहते दिल्ली



कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। वोंग ने भी गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है। वोंग ने कहा, हमने सभी विभागों को ध्यान में रखा है। इससे हमें लचीलापन अपनाने का मौका मिलता है। हरमनप्रीत (कौर) ने शानदार काम किया है। हेली और हरमन ने आरसीबी के खिलाफ हमें सही समय पर वापसी दिलाई और हम अपने गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के कारण ऐसा कर पाए। वोंग ने कहा कि मुंबई इंडियन्स की टीम इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि 20 से कुछ अधिक रन पर सात विकेट गंवाना उनकी टीम के मैच हारने का कारण था। उन्होंने कहा, पूरा श्रेय मुंबई इंडियंस को जाता है जिन्होंने नई गेंद से काफी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हमें पावरप्ले में खुलकर नहीं खेलने दिया।

पेंशन

# आप यह कैसे जांच करेंगे कि सोना शुद्ध है?

जब सोने के आभूषण की बात आती है तो सवाल यह खड़ा होता है कि वह कितना शुद्ध है? और किसी को उसकी शुद्धता का कैसे पता चलेगा? ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक बुलियन टकसाल और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के स्वामित्व वाली पर्थ मिंट के बारे में हाल के खुलासों से पता चला कि सोने के खरीददार और विक्रेता शुद्धता को बहुत गंभीरता से लेते हैं। शंघाई गोल्ड एक्सचेंज को बेचे गए करीब नौ अरब डॉलर के सोने में अशुद्धता को लेकर सवाल खड़े किए गए हैं। सोने की शुद्धता की जांच करने का प्रश्न हजारों वर्ष से बना हुआ है और इसकी शुद्धता का पता लगाने के लिए तेजी से नई पद्धतियां ईजाद की गईं। लेकिन इन पद्धतियों के बावजूद स्वर्ण उद्योग अब भी विश्वास और प्रतिष्ठा पर चलता है।

## यूरेका मोमेंट

ऐसा कहा जाता है कि प्राचीन यूनानी गणितज्ञ आर्किमिडीज ने स्नान करते वक्त सोने की शुद्धता की जांच करने का एक तरीका खोजा था। कहानी कुछ ऐसी है कि सिरैक्यूज के राजा ने गणितज्ञ को यह पता लगाने के लिए कहा था कि क्या सोने का एक ताज शुद्ध धातु से बना है या बेईमान सुनार ने इसमें मिलावट की है। समस्या पर विचार करते समय आर्किमिडीज ने स्नान किया और देखा कि जब वह पानी के अंदर डुबकी लगाते हैं तो पानी का स्तर बढ़ जाता है। वह तुरंत बाहर निकले और सड़क पर यूरेका (या मुझे यह मिल गया है) चिल्लाते हुए भागे। उन्हें यह लगा कि ताज को पानी में डुबोने से उन्हें उसकी मात्रा तथा घनत्व का पता चल जाएगा। चूंकि सोने का घनत्व ज्यादातर अन्य धातुओं से कहीं ज्यादा होता है तो इसे ताज की शुद्धता को मापने में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इस कहानी की ऐतिहासिक सच्चाई को लेकर बहस चलती है।



## आग और रोशनी

आर्कमिडीज की विधि की सरलता के बावजूद इसका आज इस्तेमाल नहीं किया जाता है। आधुनिक स्वर्ण उद्योग में इस्तेमाल होने वाली कुछ पद्धतियों में फायर एस्से, एक्स-रे फ्लूरोसेंस और प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमीट्री (आईसीपी-एमएस) शामिल हैं। फायर एस्से हॉलमार्किंग उद्योग (उदाहरण के लिए यह सत्यापित करने कि आभूषण में सोना नौ कैरेट है या 18 कैरेट) में इस्तेमाल पारंपरिक पद्धति है और अयस्क की गुणवत्ता की जांच करने के लिए सोने की खदानों में इस्तेमाल की जाती है। इसमें जिस पदार्थ की आप जांच कर रहे हैं उसमें से धातु का एक छोटा-सा नमूना लिया जाता है और उसे विभिन्न रसायनों के साथ मिलाया जाता है और उसे भट्टी में पिघलाया जाता है। हालांकि, फायर एस्से में केवल सोने की मात्रा की जांच की जाती है इसमें यह नहीं पता चलता कि नमूने में और क्या है। एक अन्य आम जांच एक्स-रे फ्लूरोसेंस है। आप उस पदार्थ का एक्स-रे करते हैं जिसकी आप जांच करना चाहते हैं, जो आपके नमूने में परमाणुओं को उत्तेजित कर देता है और उन्हें विभिन्न तरंग दैर्ध्य की एक्स-रे में बदल देता है। इस मशीन से आपको उस पदार्थ में सोने, चांदी, तांबा तथा अन्य धातु की मात्रा का पता चल जाता है।

## गोल्ड स्टैंडर्ड

सटीकता हासिल करने के लिए आप कई अलग-अलग, अधिक विस्तृत जांच कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में गोल्ड स्टैंडर्ड का अभिप्राय प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमीट्री से है। इस प्रक्रिया में किसी नमूने को प्रभावी तरीके से वाष्पीकृत किया जाता है और फिर उसमें विभिन्न परमाणुओं का वजन किया जाता है। हालांकि, यह थोड़ी महंगी प्रक्रिया है। आप आभूषण के लिए इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे। मुख्यतः वैज्ञानिक या खनन कंपनियां किसी नमूने में मिलावट का पता लगाने के लिए इसका इस्तेमाल करती हैं।

## विश्वास की कीमत

व्यावहारिक रूप से लोग सोना खरीदते समय ये जांच नहीं करते। स्वर्ण उद्योग बड़े पैमाने पर भरोसे पर चलता है। अगर कोई प्रतिष्ठित विक्रेता आपको बताता है कि वे आपको 99.99 प्रतिशत शुद्ध सोना दे रहा है तो आप आमतौर पर उस पर यकीन करते हैं। आप सोने के प्रत्येक सिक्के या ईंट की जांच नहीं करते हैं। चाहे जो भी वजह रही हो कि शंघाई गोल्ड एक्सचेंज ने उसे दिए गए सोने की शुद्धता के बारे में पर्थ मिंट के आश्वासन पर यकीन नहीं किया। अब यह पर्थ मिंट की भरोसे की समस्या हो सकती है। और जब भरोसा टूटता है तो यह दोबारा आसानी से नहीं बनता।

अध्ययन

# बैंकों का सकल एनपीए 2023-24 के अंत तक चार प्रतिशत से कम हो सकता है

भारतीय बैंकों की गैर-निष्पादित आस्तियों या खराब ऋण में वित्तवर्ष 2022-23 में 0.90 प्रतिशत की कमी आने की संभावना है और इस दौरान यह घटकर पांच प्रतिशत से कम रह जाएगा। एसोचैम-क्रिसिल रेटिंग के अध्ययन में यह अनुमान जताया गया। अध्ययन में यह भी कहा गया कि बैंकों का सकल एनपीए 31 मार्च 2024 तक घटकर दशक के सबसे निचले स्तर चार प्रतिशत से भी कम हो सकता है। अध्ययन ने सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में गिरावट के लिए कोविड बाद के आर्थिक सुधारों और उच्च ऋण वृद्धि को जवाबदेह बताया है। इसमें कहा गया कि सबसे बड़ा सुधार कॉरपोरेट ऋण खंड में होगा, जहां सकल एनपीए 31 मार्च, 2018 को लगभग 16 प्रतिशत था और इसके अगले वित्त वर्ष में घटकर दो प्रतिशत तक होने की संभावना है। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, यह हाल के वर्षों में बैंकों द्वारा खातों को दुरुस्त करने के साथ ही मजबूत जोखिम प्रबंधन और अंडरराइटिंग को दर्शाता है, जिसके कारण बेहतर क्रेडिट प्रोफाइल वाले उधारकर्ताओं को उंची वरीयता मिली है। उन्होंने कहा कि दोहरे बही-खाते की समस्या का काफी हद तक समाधान कर लिया गया है और ऐसे में ऋण वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। सूद ने कहा, लगातार वैश्विक चुनौतियों के बीच भी हमारा बैंकिंग क्षेत्र काफी मजबूत है। अध्ययन में कहा गया कि महामारी के दौरान सबसे अधिक पीड़ित रहने वाले एमएसएमई खंड में सकल एनपीए मार्च 2024 तक बढ़कर 10-11 प्रतिशत हो सकता है, जो 31 मार्च 2022 को लगभग 9.3 प्रतिशत था।

वाहन

# फरवरी में यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री

भारतीय वाहन विनिर्माताओं ने फरवरी, 2023 में लगभग 2.92 लाख यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री की। यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सियाम ने कहा कि माह के दौरान कार और यूटिलिटी (उपयोगिता) वाहनों की बढ़ती मांग से कुल यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी है। पिछले महीने वाहन कंपनियों ने डीलरों को 2,91,928 वाहनों की आपूर्ति की थी। यह फरवरी, 2022 में आपूर्ति कराई गई 2,62,984 इकाइयों से 11 प्रतिशत अधिक है। वहीं यात्री कारों की बिक्री फरवरी माह में बढ़कर 1,42,201 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में।,33,572 इकाइयां बिकी थी। इसी तरह, स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) सहित उपयोगिता वाहनों की बिक्री पिछले महीने।,20,122 इकाइयों से बढ़कर।,38,238 इकाई हो गई। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने पिछले महीने डीलरों को।,02,565 इकाइयां भेजीं। यह फरवरी, 2022 के 99,398 इकाइयों से तीन प्रतिशत अधिक है। वहीं हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) ने पिछले महीने 24,493 इकाइयां बेचीं। कंपनी ने एक साल पहले इसी महीने में 21,501 इकाइयों की बिक्री थी। इसी तरह कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री भी आलोच्य महीने के दौरान आठ प्रतिशत बढ़कर 11,29,661 इकाई रही। पिछले साल फरवरी में 10,50,079 दोपहिया वाहन बिके थें। मोटरसाइकिल की बिक्री भी पिछले महीने 6,58,009 इकाई से बढ़कर 7,03,261 इकाई पर पहुंच गई। इसी तरह, स्कूटर की बिक्री 3,56,222 इकाई से बढ़कर 3,91,054 इकाई हो गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 86 प्रतिशत बढ़कर 50,382 इकाई हो गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि यह फरवरी में यात्री वाहनों की अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि बाजार में सकारात्मक धारणा बनी हुई है। यह उपभोक्ताओं के लिए आम बजट (2022-23) में उत्साहजनक घोषणाओं से भी प्रेरित है।



## गुड़गांव में कार केयर स्टूडियो की शुरुआत

शिकागो-स्थित कार केयर कंपनी, टर्टल वैक्स, इंक. ने गुड़गांव में कारदोस्त ऑटोटेक और स्टैलियन डायश मोटर्स के साथ साझेदारी में अपने दो नए को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो लॉन्च किया। कारदोस्त मोटर्स और स्टैलियन डायश मोटर्स, दोनों को ही हाई-एंड ऑटोमोटिव डिटेलिंग, पेंट करेक्शन वर्क, और पुराने वाहन को बिल्कुल नया बना देने में विशेषज्ञता है। टर्टल वैक्स के डिटेलिंग इनोवेशन और निपुणता तथा ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी एवं सेवा देने के लक्ष्य के साथ टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो वाहनों का रखरखाव पूरी व्यवसायिक प्रतिबद्धता से करते हैं, और उन्हें अंदर से बाहर तक स्वच्छ रखने की ग्राहकों की मांग को पूरा करते हैं।

क्रेडिट कार्ड

# क्रेडिट कार्ड बकाया जनवरी में 29.6 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

कोविड-19 महामारी के बाद उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ने और डिजिटलीकरण में तेजी से जनवरी, 2023 में क्रेडिट कार्ड का बकाया 29.6 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह के दौरान क्रेडिट कार्ड का बकाया 20 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ गया। जून में सर्वाधिक 30.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एसबीआई कार्ड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रामा मोहन राव अमारा ने बताया, कई श्रेणियों का डिजिटलीकरण होने के चलते मौजूदा ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड के जरिए अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुगमता से भुगतान करने की सुविधा ने वृद्धि में निश्चित ही योगदान दिया है खासकर स्वास्थ्य एवं फिटनेस, शिक्षा, पानी-बिजली के बिल आदि श्रेणियों में। क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को लेकर मासिक रुझानों के बारे में राव ने कहा कि बीते कुछ महीनों से क्रेडिट कार्ड के जरिए खर्च में लगातार वृद्धि हो रही है। इस वर्ष जनवरी में क्रेडिट कार्ड के जरिए 1.28 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए जो दिसंबर, 2022 में 1.26 लाख करोड़ रुपए थे। राव ने बताया कि सालाना आधार पर यह वृद्धि 45 प्रतिशत है और बीते 11 महीनों से क्रेडिट कार्ड से व्यय एक लाख करोड़ रुपए से अधिक बना हुआ है। जनवरी, 2023 के अंत तक विभिन्न बैंकों ने करीब 8.25 करोड़ क्रेडिट कार्ड जारी किए थे। क्रेडिट कार्ड जारी करने के मामले में देश के पांच शीर्ष बैंक हैं एचडीएफसी बैंक, एसबीआई कार्ड, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक बैंक। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि जनवरी, 2023 में क्रेडिट कार्ड बकाया में वार्षिक वृद्धि 29.6 प्रतिशत रही जो एक साल पहले समान महीने में करीब 10 प्रतिशत थी।



स्मार्ट बिजली मीटर

# जियोथिंग्स और ईईएसएल, बिहार में लगाएंगी 10 लाख स्मार्ट बिजली मीटर

बिहार में 10 लाख स्मार्ट प्रीपेड बिजली के मीटर लगाने के लिए जियोथिंग्स स्मार्ट यूटिलिटी प्लेटफॉर्म और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने भागीदारी की घोषणा की है। ईईएसएल विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उद्यमों का एक संयुक्त उद्यम है। स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के लिए फ्रेंच इलेक्ट्रिक यूटिलिटी फर्म ईडीएफ भी सहयोग करेगी। विद्युत क्षेत्र को डिजिटल बनाने के लिए जियोथिंग्स स्मार्ट यूटिलिटी प्लेटफॉर्म ने स्मार्ट मीटर को एनबी-आईओटी से लैस किया है। ये मीटर 4जी/एलटीटीई टेक्नोलॉजी पर काम करेंगे। इस मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के सीईओ, किरण थॉमस ने कहा, हमारा मानना है कि स्मार्ट यूटिलिटी प्लेटफॉर्म की नई तकनीक ऊर्जा के क्षेत्र में अनगिनत फायदे ले कर आएगी। हमारा उद्देश्य है, अत्याधुनिक, प्लग एंड प्ले, स्मार्ट सॉल्युशन्स के साथ उद्यमों को सशक्त बनाना ताकि वे स्मार्ट आईओटी सॉल्युशन्स को तेजी से अपना सकें। ईईएसएल के प्रवक्ता ने कहा, स्मार्ट मीटरिंग वह धुरी है जिसके चारों ओर भारत की ऊर्जा सुरक्षा के साथ उपभोक्ता-संचालित बाजार का अगला अध्याय लिखा जाएगा। प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ साझेदारी करके हमने स्मार्ट मीटरिंग में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। हम जियो को अपने आईओटी पार्टनर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। इस सफलता के साथ, हम निश्चित हैं कि जल्द ही अगली पीढ़ी की संचार तकनीक यानी 5जी स्मार्ट मीटरिंग चालू होगी। जियो थिंग्स के आईओटी सक्षम स्मार्ट यूटिलिटी प्लेटफॉर्म के प्री-पेड और पोस्ट-पेड मीटरिंग में कई फायदे हैं। ऑटोमेटेड मीटर रीडिंग से मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होता है, बेहद सुरक्षित आईओटी पावर्ड प्लेटफॉर्म मीटर प्रबंधन को आसान बनाते हैं, आईओटी से जुड़े स्मार्ट मीटर पूर्ण नियंत्रण देते हैं। इसके साथ ही यह सुरक्षित और स्केलेबल हैं।



रिपोर्ट

# असंगठित अर्थव्यवस्था की महिलाएं स्वास्थ्य लाभों के लिए वेतन से समझौता करने को तैयार

देश के असंगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल बड़ी संख्या में महिलाओं का कहना है कि यदि उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है तो वे इसके एवज में उंचे वेतन से समझौता करने को तैयार हैं। इन महिलाओं की विचारधारा में यह महत्वपूर्ण बदलाव एक सर्वेक्षण में सामने आया है। व्यवसाय सेवा प्रदाता क्वेस कॉर्प के इस सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत की असंगठित अर्थव्यवस्था से जुड़ी महिलाओं में से 63 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा लाभों के बदले में कम वेतन पर काम करने को राजी हैं जबकि ऐसी सोच रखने वाले पुरुषों की संख्या महज 28 प्रतिशत है। यह सर्वेक्षण सितंबर, 2022 से जनवरी, 2023 के बीच 4,179 लोगों पर किया गया। इसके आधार पर तैयार रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसी महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है जो वेतन से कहीं अधिक प्राथमिकता रोजगार सुरक्षा, प्रशिक्षण और करियर विकास को देती हैं। क्वेस कॉर्प लिमिटेड में कार्यबल प्रबंधन के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने कहा, भारत की असंगठित, संगठित अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान एवं महत्व को हमें स्वीकार करना होगा, यह भी ध्यान में रखना होगा कि उनकी जरूरतें अब बढ़ गई हैं। इसमें कहा गया, अब केवल वेतन को ध्यान में रखने के बजाय भारतीय कॉरपोरेट जगत को महिलाओं की रोजगारोन्मुख बनाने को प्रशिक्षण एवं कौशल विकास में निवेश करना चाहिए, उन्हें रोजगार के अवसर खोजने में मदद करनी चाहिए और सामाजिक सुरक्षा लाभों की पेशकश भी करनी चाहिए। इसमें यह भी साफ पता चलता है कि महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा बड़ी प्राथमिकताएं बन रही हैं और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारियों में से 16 प्रतिशत मानती हैं कि संगठित रोजगार के अहम लाभ स्वास्थ्य और सुरक्षा हैं।

एक्सपो

# एचवीएसी उद्योग का एक्सपो 'अंक्रेक्स इंडिया' 14-17 मार्च तक

द इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एण्ड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (ईशरे) ने इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के साथ साझेदारी में अंक्रेक्स इंडिया के 22वें संस्करण की घोषणा की है, जो हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) और इंटेलीजेन्ट बिल्डिंग पर दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी प्रदर्शनी है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई के बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर में 14 से 16 मार्च को होगा, जहां भारत के उच्च क्षमता वाले एचवीएसी उद्योग का प्रदर्शन किया जाएगा। अंक्रेक्स इंडिया के बारे में बात करते हुए चंद्रशेखर नारायणन श्रीकांतन, नेशनल नेशनल प्रेसिडेंट, ईशरे ने कहा, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया की साझेदारी में आयोजित एकरेक्स इंडिया खरीददारों एवं विक्रेताओं को एक दूसरे से मिलने और अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करेगा। प्रदर्शनी में 'मेक इन इंडिया' इंडस्ट्री लीडर्स और महत्वाकांक्षी इनोवेटर्स हिस्सा लेंगे।

उत्पाद/बाजार/कॉरपोरेट

# रिलायंस ने 70 के दशक के कैंपा कोला को नए अंदाज में पेश किया

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने देश के 50 साल पुराने प्रतिष्ठित पेय ब्रांड कैंपा कोला को फिर से पेश करने की घोषणा की। आरसीपीएल अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी है और रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाती है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में आरसीपीएल ने गुजरात स्थित कार्बोनेटेड शीतल पेय और जूस बनाने वाली कंपनी सोस्यो हजूरी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। इससे पहले उसने प्योर ड्रिंक्स ग्रुप से कथित तौर पर 22 करोड़ रुपए में कैंपा ब्रांड का अधिग्रहण किया था। अब, आरसीपीएल ने कैंपा ब्रांड को फिर से पेश किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, शुरुआती दौर में शीतल पेय श्रेणी में तीन नए फ्लेवर- कैम्पा कोला, कैंपा लेमन और कैंपा ऑरेंज को शामिल किया जाएगा। पहले यह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में उपलब्ध होगा। बाद में इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में पेश किया जाएगा। कैम्पा-कोला 1970 और 1980 के दशक में एक लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड था, लेकिन कोका-कोला और पेप्सिको के आने के बाद ये पिछड़ता गया। बयान में कहा गया है कि आरसीपीएल ने इसे द ग्रेट इंडियन टेस्ट का नाम दिया है। बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू ब्रांड कैंपा सीधे तौर पर दुनिया की दो सबसे बड़ी कंपनियों- पेप्सीको और कोका कोलो को टक्कर देगा। आरसीपीएल के प्रवक्ता ने कैंपा की पेशकश के मौके पर कहा, हम उम्मीद करते हैं कि नई पीढ़ी के उपभोक्ता कैंपा के इस नए अवतार को अपनाएंगे और युवा उपभोक्ताओं को नया स्वाद पसंद आएगा। उन्होंने कहा, तेजी से विकसित हो रहे भारतीय बाजार में खपत अधिक होने के कारण कैंपा के लिए कहीं अधिक अवसर हैं।




# डिजिटल इंडिया अधिनियम में जासूसी चश्मे, पहनने वाले उपकरणों के लिए होंगे प्रावधान

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम पर पहली बार बैठक की। उन्होंने इस दौरान जासूसी चश्मे व पहनने वाले अन्य उपकरणों द्वारा जानकारी जुटाने से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए संबंधित नियमों पर चर्चा भी की। मंत्री ने बताया कि डिजिटल इंडिया अधिनियम का मसौदा संबंधित लोगों से और दो चरणों की बातचीत के बाद तैयार होगा। उन्होंने कहा कि मसौदा अप्रैल में आ सकता है और संसद में अंतिम मंजूरी के लिए पेश किए जाने से पहले लगभग 45-60 दिनों के लिए इसे सार्वजनिक विमर्श के अन्य चरणों से भी गुजरना होगा। चंद्रशेखर ने कहा, हमने पहली बार इस कानून की प्रमुख संरचना के संबंध में परामर्श किया है। इस चर्चा के आधार पर मसौदा तैयार होगा। मसौदे पर 45 से 60 दिनों तक व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। ऐसे में मसौदा विधेयक जुलाई में संसद में रखे जाने के लिए तैयार हो सकता है। मंत्री ने कहा कि उन्हें इस साल इस संबंध में कानून बनने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने कहा, ऐसे समय में, जब तकनीक इतनी तेजी से बाधित कर रही है... एआई (क्रत्रिम मेधा) है, एआई कंप्यूट है, ब्लॉकचेन है, सभी प्रकार के बड़े विघटनकारी परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे वक्त में यह कानून लाया गया है। इसलिए इस कानून को भविष्य के लिए तैयार और सुरक्षित होना चाहिए। डिजिटल इंडिया अधिनियम (डीआईए) में मंत्री ने जासूसी कैमरा चश्मा और अन्य पहनने वाले उपकरणों के लिए कड़े नियमन को अनिवार्य करने पर हितधारक के विचार मांगे। उन्होंने इन उत्पादों की खुदरा बिक्री के लिए उचित कानूनी प्रावधानों के साथ सख्त केवाईसी आवश्यकताओं की बात भी कही।



## हुंदै ने अल्कजार को 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ उतारा

वाहन कंपनी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) ने 1.5 टर्बो जीडीआई पेट्रोल इंजन के साथ स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) अल्कजार को मंगलवार को पेश किया। इसकी दिल्ली में शोरूम कीमत 16.74 लाख रुपए से 20.25 लाख रुपए के बीच है। यह संस्करण छह-स्पीड मैनुअल और सात-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ पेश किया गया है। एचएमआई ने बयान में कहा, अल्कजार आरडीई अनुकूल 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ भी उपलब्ध होगा।



## ट्रक चालक वाहक के ऐप से ले सकेंगे मोटर बीमा

वाहक, ट्रांसपोर्ट कम्युनिटी प्लैटफॉर्म ने कवरस्टैक, एक डिजिटल बी2बी बीमा अवसंरचना समाधान प्लेटफॉर्म, के साथ की एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। बीमा खरीद के बाजार में क्रांति लाने के उद्देश्य से, कवरस्टैक डिजिटल रूप से बीमा खरीदने और सर्विसिंग के लिए एक जीरो-कोड, प्रयोग के लिए तैयार, फुल-स्टेक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, जिससे बड़े पैमाने पर पहुंच बनाई जा सके। इस गठजोड़ से वाहक, भारतीय ट्रकिंग समुदाय के लिए कवरस्टैक की अत्याधुनिक बीमा तकनीक लाएगा, जिससे लागत प्रभावी हो जाएंगी।

# रत्न, आभूषण निर्यात फरवरी में 24 प्रतिशत बढ़कर 28,832 करोड़ रुपए रहाः जीजेईपीसी

चीन और मध्य पूर्व के बाजारों में मांग में सुधार से फरवरी में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 28,832.86 करोड़ रुपए रहा। जेजीईपीसी ने कहा कि फरवरी, 2022 के दौरान रत्न और आभूषण का कुल निर्यात 23,326.80 करोड़ रुपए रहा। फरवरी में, कटे और पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का कुल निर्यात 32 प्रतिशत बढ़कर 19,582.38 करोड़ रुपए हो गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की इसी अवधि में 14,841.90 करोड़ रुपए था। सोने के आभूषणों का निर्यात पिछले महीने 29.89 प्रतिशत बढ़कर 5,829.65 करोड़ रुपए रहा। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, देश ने पिछले महीने सीपीडी निर्यात में 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी।

## मालाबार समूह 250 करोड़ के निवेश से लगाएगा आभूषण इकाई

सोने और हीरे की दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं में से एक मालाबार ग्रुप ने साल भर चलने वाले अपने 30वें वर्षगांठ समारोह की शुरुआत की। इसके तहत केरल के कक्कनचेरी में उन्नत एकीकृत आभूषण इकाई एवं डिजाइन स्टूडियो की शुरुआत की गई। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 250 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस अत्याधुनिक परिसर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह एकीकृत आभूषण इकाई मलप्पुरम जिले के किन्फ्रा पार्क, कक्कनचेरी में स्थित है।

## महिला उद्यमियों को पूंजी जुटाने में मदद करेगा एडब्ल्यूएस

अमेजन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) और अग्रणी वेंचर कैपिटल फर्म लाईटस्पीड ने एक्सेलरेटर 2023 प्रोग्राम शुरू किया। यह प्रोग्राम चयनित महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को उद्योगों के नेतृत्वकर्ताओं से मेंटरिंग के अवसर प्रदान करता है। उन्हें अरली स्टेज के स्टार्टअप्स के लिए एडब्लूएस द्वारा संकलित किए गए टेक्निकल संसाधनों और महिला संस्थापकों के सक्रिय समुदाय के साथ जुड़कर काम करने का भी लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम का समापन एक डेमो डे के साथ होगा। इस दिन चयनित समूह के समाधान प्रमुख निवेशकों के एक पैनल के सामने रखे जाएंगे, और उन्हें फंडरेज़िंग का अवसर भी मिल सकेगा।

## ओला, उबर ने महाराष्ट्र में लाइसेंस के लिए आवेदन किया

बाइक टैक्सी सेवा प्रदाता ओला और उबर ने एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए महाराष्ट्र सरकार के पास आवेदन किया है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा लाए गए दिशानिर्देशों के तहत ऐप आधारित कैब सेवा मुहैया कराने वाली कंपनियों के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस अनिवार्य हो गया है। सरकार फिलहाल इन सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर प्रभावी रूप से कार्रवाई नहीं कर पाती है और एग्रीगेटर लाइसेंस लेने से हालात बदल सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए दोनों कंपनियों ने मुंबई के तारदेव आरटीओ में आवेदन किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार** (मो. 9651086162) । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।